

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



किंग की रिलीज अफवाहों पर विराम | स्वीटी के बाद अब बनीं चुड़ैल

वर्ष : 12 | अंक : 212 | लखनऊ, 26 जुलाई, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए



## प्रधान का इस्तीफा, बोले- युवाशक्ति देश की असली ताकत, 4 दशकों से छात्रहित में काम किया

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया है। नीट पेपर लीक मामले में देशभर के छात्र पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। जंतर-मंतर पर आंदोलन में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स हिस्सा ले रहे। छात्रों की पहली डिमांड शिक्षा मंत्री प्रधान का इस्तीफा थी। प्रधान ने शनिवार दोपहर को मंत्रिपद से इस्तीफा दे दिया। अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा कि युवाशक्ति ही देश की असली ताकत है और पिछले 10 दिनों के घटनाक्रम को देखकर मन दुखी हो गया। सोशल मीडिया पर पोस्ट में प्रधान ने कहा कि मेरे युवा साथियों, मैं पिछले 4 दशकों से अधिक

### युवाओं का सम्मान करता हूं

मेरा सदैव यह विश्वास रहा है कि एक सशक्त, समावेशी और दूरदर्शी शिक्षा व्यवस्था ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होती है। मैं देश के युवाओं की आकांक्षाओं, भावनाओं और उनकी न्यायोचित अपेक्षाओं का गहरा सम्मान करता हूं। भारत की युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करना हम सभी के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन का नैतिक संकल्प रहा है।

### परीक्षा रद्द कर दोबारा कराई

उन्होंने कहा, 3 मई 2026 को नीट यूजी की परीक्षा में सामने आई अनियमितता पाई गई। भारत सरकार ने इसको तुरंत संज्ञान में लेते हुए जांच सीबीआई को सौंपी और परीक्षा को रद्द किया एवं पुनः परीक्षा की तिथि घोषित की गई। इसके साथ ही अगले वर्ष से इस परीक्षा को सीबीटी मोड में करने का निर्णय लिया गया।' 'इस दौरान हमारी प्रमुख प्राथमिकता यह रही कि 20 लाख से अधिक छात्रों की परीक्षा सुचारू रूप से आयोजित की जाए। इसमें सभी का सहयोग रहा।

### पत्र जारी कर कही अहम बातें

#### लंबे समय से छात्र, शिक्षक और शिक्षा सुधार के लिए 'लड़ा'

प्रधान ने एक पत्र जारी कर अपने इस्तीफे की जानकारी दी है। उन्होंने पत्र में कहा है कि वह पिछले 4 दशक से भी अधिक वक्त से छात्र, शिक्षक और शिक्षा सुधार के लिए समर्पित रहे हैं। वह देश के युवाओं की आकांक्षाओं, भावनाओं और उनकी अपेक्षाओं का सम्मान करते हैं और भारत की युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करना हम सभी के सामाजिक एवं सामाजिक जीवन का नैतिक संकल्प रहा है।

**पीएम मोदी का जताया आभार :** प्रधान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्र की सेवा करने का जो मौका उन्हें मिला उसके लिए वह प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं

**सीबीटी मोड में परीक्षा कराने का फैसला:** धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि 3 मई, 2026 को हुई नीट यूजी की परीक्षा में गड़बड़ियां पाई गई, केंद्र सरकार ने इसका संज्ञान लिया और जांच सीबीआई को सौंप दी।

धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर सत्तापक्ष और विपक्ष ने दी अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं

## भाजपा ने व्यापक हितों को प्राथमिकता, ईमानदारी के मापदंडों पर पद छोड़ने की बात कही, वहीं विपक्ष ने अपनी 'एकजुटता' को जीत का कारण बताया

नबीन ने एक्स पर लिखा कि प्रधान ने भारत के शिक्षा में सुधार लाने और ऐतिहासिक राष्ट्रीय शिक्षा नीति व अन्य पहलों को सफलतापूर्वक लागू करने में अहम भूमिका निभाई तो विपक्ष ने कहा हमने संसद से सड़क तक छात्रों के हित में मांग उठाई, हालांकि श्रेय की होड़ लगी है



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

नीट पेपर लीक विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने उनके इस कदम का समर्थन किया है। नबीन ने एक्स पर लिखा कि प्रधान ने भारत के शिक्षा में सुधार लाने और ऐतिहासिक राष्ट्रीय शिक्षा नीति व अन्य पहलों को सफलतापूर्वक लागू करने में अहम भूमिका निभाई है। व्यापक हितों को प्राथमिकता देते हुए उनका पद छोड़ने का निर्णय सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा के उच्चतम मानदंडों को दर्शाता है। पार्टी प्रधान के साथ मजबूती से खड़ी है। मैं उनके भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

**खास बातें**

- विपक्ष को सबसे पहले संसद में चर्चा करनी थी
- सरकार ने उन्हें ईमानदार और समर्पित बताया

### विपक्ष की रुचि हंगामा में, चर्चा करने में नहीं: सीतारमण



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष के रुख पर सवाल उठाते हुए कहा था कि सरकार संसद में चर्चा के लिए तैयार थी, लेकिन विपक्ष एक मांग पूरी होने के बाद नई शर्तें रख रहा था और असल में चर्चा में दिलचस्पी नहीं ले रहा था। उन्होंने विपक्ष के रवैए पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी मंशा सिर्फ हंगामा करने की है, वे सरकार से जवाब मांगने या सार्थक चर्चा करने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

विपक्ष ने सरकार की हार बताया

### अहंकारी सत्ता की हार, माफी मांगें: खरगे



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भारत के 'छात्रों की आवाज' आखिरकार उस अहंकारी सत्ता के दरवाजे तक पहुंच ही गई है। यह हमारे उन लाखों युवाओं की जीत है जिन्होंने शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए देश भर की सड़कों पर अपनी आवाज उठाई। यह सच की जीत है और मोदी की जिद की हार है। यह सरकार भ्रष्ट है। यह एकजुट विपक्ष की जीत है, जिसने छात्रों के हित में संसद से लेकर सड़कों तक अपनी आवाज उठाई। वे हमारी युवा पीढ़ी से माफी मांगें।

### और तानाशाही नहीं चलेगी: प्रियंका



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अब तानाशाही नहीं चलेगी।

### इस्तीफे पर पूरे देश को बधाई: केजरीवाल



आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सरकार को जनता के सामने झुकना पड़ा। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो मैसेज शेयर कर लिखा, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर पूरे देश को बधाई।

### दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी को झुकाया



समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि नई पीढ़ी की एक बड़ी जीत है। यह युवाओं की एक बड़ी जीत है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी को झुका दिया। अब परीक्षाएं सही ढंग से चलेंगी।

### मोदी और शाह अजेय नहीं...



शिवसेना के नेता संजय राउत ने प्रधान के इस्तीफे को लेकर पीएम मोदी और अमित शाह पर हमला बोला है। राउत ने एक्स पर सीजेपी के प्रदर्शन की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा है कि प्रधान ने इस्तीफा दिया, मोदी और शाह अजेय नहीं हैं... वे भी जाएंगे!

### सेलेब्स ने कहा

#### सभी को बधाई, जिन्होंने सहयोग दिया: प्रकाश



धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर खुशी का इजहार करते हुए अभिनेता प्रकाश राज ने अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए एक्स पर लिखा 'मेरे प्यारे कॉकरोचेस, सोनम वांगचुक सर और उन सभी लोगों को बधाई जिन्होंने युवाओं का साथ दिया।

### जंतर- मंतर पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव



#### हंगामा, पथराव और पानी की बोतल फेंकी, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले, किया लाठीचार्ज

जंतर-मंतर पर दोपहर में एक बार फिर से प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव का माहौल हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया पुलिस और आरएएफ की टीम ने आंसू गैस के गोले छोड़े। लाठीचार्ज भी किया।

पुलिस ने दी सारी जानकारी

### 2000 क्रिमिनल, 15 एफआईआर और 130 पुलिसकर्मी घायल

दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में फेशियल रिकग्निशन सिस्टम की मदद ली गई।



इस आधुनिक प्रणाली से 2000 से अधिक आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की पहचान की गई है। ये प्रदर्शनकारी भीड़ में घुस गए थे। इनका मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को निशाना बनाना था। इस दौरान 130 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अब तक 15 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान जारी है।

#### फेशियल रिकग्निशन सिस्टम से हुई पहचान

इस दौरान पुलिस ने आधुनिक फेशियल रिकग्निशन सिस्टम का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। इस तकनीक से भीड़ में मौजूद संदिग्ध चेहरों को पहचाना गया। सिस्टम ने हजारों लोगों के डेटाबेस से मिलान किया। इससे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की सटीक पहचान संभव हो पाई। इसकी जांच की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### अभिषेक जेल गए तो नहीं निकल पाएंगे: सुवेंदु



कोलकाता। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने तृणमूल सांसद अभिषेक बेनर्जी को फिर निशाना बनाया। उन्होंने विधानसभा में अभिषेक के 'सेवाश्रय' से संबंधित कई गंभीर अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने चेतावनी दी कि इस घोटाले की जांच होने पर अभिषेक को जेल भेजा जाएगा।

### मानदेय की मांग पर पैरावेट व पशु चिकित्सा मित्रों का कार्य बहिष्कार

मिजार्पुर। पशुपालन विभाग से जुड़े पैरावेट एवं पशु चिकित्सा मित्रों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार से एफएमडी (फुट एंड माउथ डिजीज) टीकाकरण एवं कृत्रिम गभाधान कार्य का अनिश्चितकालीन बहिष्कार शुरू कर दिया है। इससे क्षेत्र के पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पशुओं के टीकाकरण और कृत्रिम गभार्धान जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित होने से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। पैरावेट एवं पशु चिकित्सा मित्रों ने अपनी मांगों के समर्थन में आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं अन्य उच्चाधिकारियों के नाम संबोधित मांगपत्र राजकीय पशु चिकित्सालय हरगढ़ के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुभाष सिंह को सौंपा।

### महानदी ऑफशोर बेसिन में पहले अप्रेजल वेल की ड्रिलिंग शुरू

## पुरी ने ऊर्जा सुरक्षा की मजबूत नींव बताया संसाधनों की खोज, उत्पादन क्षमता बढ़ेगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

### 10 वर्षों के दूरदर्शी सुधारों का परिणाम दिखाई दे रहा

केंद्र सरकार ने शनिवार को महानदी ऑफशोर बेसिन में पहले अप्रेजल वेल की ड्रिलिंग शुरू होने की घोषणा करते हुए इसे भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में 'एक नए अध्याय की शुरुआत; बताया। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह उपलब्धि पिछले एक दशक में किए गए दूरदर्शी सुधारों का परिणाम है, जिसने देश के एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाया है। महानदी ऑफशोर बेसिन में शुरू किया गया 'एमएन-डीडब्ल्यूएन18-1-एचडी' अप्रेजल वेल चार प्रस्तावित डीपवॉटर वेल में पहला है। इन कुओं से देश के ऑफशोर बेसिन में से एक का चरणबद्ध तरीके से आकलन किया जाएगा। इस ड्रिलिंग कार्यक्रम में अत्याधुनिक डीपवॉटर ड्रिलिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिससे नए हाइड्रोकार्बन संसाधनों की खोज और घरेलू उत्पादन क्षमता

#### आयात निर्भरता घटाने पर जोर

पुरी ने कहा कि ड्रिलिंग का हर मीटर हमें आयात पर निर्भरता कम करने, आत्मनिर्भरता बढ़ाने और विकसित भारत के विजन को साकार करने के और करीब ले जाएगा।

#### कंपनियों ने पूरी संरचना को ही बदल दिया



पुरी ने कहा कि 10 वर्षों में सरकार ने ऐतिहासिक नीतिगत और नियामकीय सुधारों के जरिए एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन क्षेत्र की पूरी संरचना को बदल दिया है। उन्होंने ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड, डायरेक्टरेट जनरल ऑफ हाइड्रोकार्बन्स, तकनीकी साझेदारों और इस क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों को बधाई देते हुए विश्वास जताया।

#### बड़े निवेश की प्रतिबद्धता मिली

पुरी ने बताया कि ओएएलपी के तहत अब तक लगभग 3.8 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 172 एक्सप्लोरेशन ब्लॉक आवंटित किए जा चुके हैं, जिनमें 4.3 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धता मिली है।

#### पिछले दशक के सुधारों का किया उल्लेख

पुरी ने हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एंड लाइसेंसिंग पॉलिसी , नामांकन आधारित व्यवस्था के स्थान पर ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम, पारदर्शी रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल और पहले प्रतिबंधित रहे लगभग 99फीसदी ऑफशोर 'नो-गो' क्षेत्रों को एक्सप्लोरेशन के लिए खोलने जैसे प्रमुख सुधारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद भारत के कुल सक्रिय एक्सप्लोरेशन एकरेज का 81% आवंटित किया गया है।

### वैश्विक शिपबिल्डिंग हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम

## सरकार ने 69,725 करोड़ रुपए की योजना मंजूर की



केंद्र सरकार ने देश के जहाज निर्माण (शिपबिल्डिंग) उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने 69,725 करोड़ के व्यापक पैकेज को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य घरेलू जहाज निर्माण क्षमता बढ़ाना, समुद्री क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण उपलब्ध कराना, कौशल विकास को प्रोत्साहित करना और भारत को वैश्विक शिपबिल्डिंग हब के रूप में स्थापित करना है। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बताया कि शिपयार्ड की लागत को वैश्विक शिपयार्ड के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए 24,736 करोड़ की स्कीम को मंजूरी दी गई है।

#### 25,000 करोड़ रुपए का मैरीटाइम डेवलपमेंट फंड

पैकेज के तहत 25,000 करोड़ रुपए का मैरीटाइम डेवलपमेंट फंड भी स्थापित किया जाएगा। इससे जहाज निर्माण और समुद्री क्षेत्र को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस फंड में 20,000 करोड़ रुपए का मैरीटाइम इन्वेस्टमेंट फंड और 5,000 करोड़ रुपए का इंटरेस्ट इंसेंटिवाइजेशन फंड शामिल है।

### कोरबा कार्बन फैक्ट्री में ब्लास्ट

## 30-40 मजदूरों ने भागकर बचाई जान, 8 दमकलों ने पाया काबू



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित कार्बन फैक्ट्री में शनिवार दोपहर बायलर फटने से हड़कंप मच गया। इससे फैक्ट्री के भीतर भीषण आग लग गई। घटना के समय फैक्ट्री में 30-40 मजदूर काम कर रहे थे। ब्लास्ट की आवाज सुनते ही मजदूरों में भगदड़ मच गई और सभी ने भागकर अपनी जान बचाई।

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पूरा इलाका काले धुएं से भर गया। धुएं के साथ केमिकल की तेज बदबू और जलन भी महसूस की जा रही थी। इससे आसपास के रहवासियों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही नगर सेना की दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग किस कारण से लगी इसकी जांच की जाएगी। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है।

#### बुझाने में 3 घंटे की मशक्कत करनी पड़ी

आग पर काबू पाने के लिए करीब 3 घंटे तक लगातार मशक्कत करनी पड़ी। लगभग 8 दमकल वाहनों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। कूलिंग का काम भी लगातार जारी रखा गया ताकि आग दोबारा न भड़के। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने फैक्ट्री के आसपास के इलाके को तत्काल सील कर दिया। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

#### फैक्ट्री वाले इलाके को किया सील

सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने घटनास्थल को पूरी तरह सील कर दिया है। आम लोगों के प्रवेश और वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। पुलिस ने बैरिकेड लगाकर लोगों को सुरक्षित दूरी पर रोक रखा है।

## असलहों के साथ रील वायरल, पुलिस ने शुरू की जांच

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र में सोशल मीडिया पर एक युवक का असलहों के साथ रील बनाते हुए वीडियो तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। वायरल वीडियो में मेज पर कई असलहे रखे दिखाई दे रहे हैं, जबकि युवक एक असलहा हाथ में लेकर गाने पर रील बनाता नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। (अमन लेखनी समाचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।) रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में वीडियो गढ़ी संजर खां निवासी कुलदीप सिंह के पुत्र राजदीप का प्रतीत हो रहा है। वीडियो में राजदीप असलहे के साथ रील बनाते दिखाई दे रहा है। पुलिस के अनुसार यह वीडियो रहीमाबाद निवासी एक होटल संचालक के पुत्र विवेक द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किया गया।

# दाखिल खारिज में अवैध वसूली के विरोध में वकीलों का धरना

### अविवादित फाइलों के समय से निस्तारण की मांग, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की उठाई आवाज


अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दाखिल खारिज मामलों में कथित अवैध वसूली और अविवादित फाइलों का समय से निस्तारण न होने के विरोध में मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने शनिवार को नायब तहसीलदार न्यायालय के बाहर धरना दिया। विरोध स्वरूप अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया, जिससे न्यायालय में आने वाले वादकारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। धरने पर बैठे अधिवक्ता फुरकान ने आरोप लगाया कि मलिहाबाद तहसील के न्यायालयों में दाखिल खारिज समेत अन्य अविवादित मामलों के निस्तारण के


धरने पर बैठे अधिवक्तागण – फोटो

नाम पर अवैध रूप से धन की मांग की जा रही है। इससे अधिवक्ताओं के साथ-साथ आम वादकारियों को भी अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि न्यायालयों के बाहर निर्धारित सरकारी शुल्क की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध वसूली पर रोक लग सके और लोगों को वास्तविक शुल्क की जानकारी मिल सके। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सम्राट सिंह और महामंत्री कमलेश कुमार गौतम ने बताया कि तहसील से जुड़े विभिन्न लंबित मुद्दों को लेकर अधिवक्ता आंदोलनरत हैं। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने घोषणा की कि सोमवार को भी न्यायालय के बाहर धरना दिया जाएगा और न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। इस मौके पर दर्जनों अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## कच्ची दीवार गिरी, मलबे में दबने से छात्र की मौत


मृतक शिवा फाइल – फोटो


रोते बिलखते परिजन व अन्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच घर की कच्ची दीवार भरभरा कर अचानक गिर गई पास में खेल रहे एक बच्चे की मलबे के नीचे दबने से मौत हो गई। साथ में खेल रहा एक बच्चा बाल बाल बचा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए भेजा। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ौहां निवासी राजमिस्त्री सुनील का 12 वर्षीय बेटा शिवा शनिवार दोपहर को उन्नाव जनपद के औरास थाना क्षेत्र के राई मिचलौला निवासी महेंद्र मामा के लड़के ममेरे भाई कृष्णा के साथ घर के बाहर कच्चे गलियारे में खेल रहे थे। इस बीच अचानक चौधरी के कच्चे मकान की दीवार भरभरा कर गिर गई जिसके नीचे कक्षा तीन का छात्र शिवा दब गया। वहीं पास में खेल रहा कृष्णा बाल बाल बच गया। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद मलबे को हटाकर शिवा को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। और उसके मुंह से खून निकल रहा था। इतने में मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक शिवा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। मृतक के पिता सुनील इधर-उधर राज मिस्त्री का कार्य करते हैं। मृतक के परिवार में पिता सुनील, माता रामदेवी, दो भाई साहिल, विकास, बड़ी बहन शालिनी है, जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पूर्व सपा सांसद फूलन देवी को दी श्रृद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा की पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पर शनिवार को राजधानी लखनऊ में सपा के राज्य मुख्यालय तथा प्रदेश के अन्य जिलों में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में पूर्व लोकसभा सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, पूर्व एमएलसी रामवृक्ष यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा प्रो. बी. पाण्डेय तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा सीमा राजभर ने भी फूलन देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं पार्टी के लखनऊ महानगर कार्यालय पर पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता



- मेरठ में छात्राओं को बांटी गयी साइकिल

महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी एवं संचालन महानगर महासचिव गौरव सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं में पूर्व में प्रत्याशी मीरा वर्धन, वरिष्ठ नेता अतहर हुसैन, प्रोफेसर अंशु केडिया ने वीरांगना फूलन देवी के जीवनी पर अपनी-अपनी विचार व्यक्त किए और उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

लखनऊ सरोजनी नगर के भटगांव में समाजवादी मजदूर सभा लखनऊ के जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू के आयोजन में पूर्व सपा सांसद फूलन देवी की पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव रहे।

इसी प्रकार में अन्य जिलों में मेरठ की सरधना विधानसभा क्षेत्र के दौराला में पूर्व सपा सांसद वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें कश्यप समाज की 250 से अधिक प्रतिभाशाली मेधावी बेटियों को साईकिल वितरित की जिससे वह सुलभ शिक्षा प्राप्त कर सकें।

## धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों के संघर्ष का परिणाम

### नीट परीक्षा के छात्रों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा इस्तीफा दिये जाने पर कहा कि यह हमारे नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और हजारों छात्रों-युवाओं के संघर्ष का परिणाम है।

नीट परीक्षा के छात्रों ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर अजय राय से मुलाकात की। अजय राय ने छात्रों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि कांग्रेस सदैव से ही छात्रों, युवाओं के हितों के साथ खड़ी रही है और खड़ी रहेगी।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में कभी भी छात्रों और युवाओं पर इतना जुल्म और ज्यादती नहीं की गयी जिस तरह दिल्ली में युवाओं, छात्र-छात्राओं पर बर्बर लाठीचार्ज, वाटर कैनन



- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने छात्रों को मिठाई खिलाकर उनके जज्बे को सराहा

की बौछार और आंसू गैस के गोले, यहां तक पैलेट गन तक चलाये गये, जिसमें सैंकड़ों की संख्या छात्र, छात्राएं और युवा गंभीर रूप से घायल हुए और अस्पतालों में भर्ती हुए हैं। कांग्रेस शुरू से ही छात्रों और युवाओं के साथ खड़ी रही है।

राय ने कहा कि राहुल गांधी सहित पूरी कांग्रेस और छात्रों-युवाओं के संघर्ष का परिणाम रहा कि अंततः मोदी सरकार को झुकना पड़ा और धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा।

उन्होने कहा कि सिर्फ धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा लेकर प्रधानमंत्री अपनी जिम्मेदारियों से बच नहीं सकते। इनकी जांच करायी जाए और सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री छात्रों और युवाओं से माफी मांगे और सरकार छात्रों, युवाओं की सभी मांगों को जब तक नहीं मानेगी, कांग्रेस पार्टी संघर्ष करती रहेगी।

## भारतीय रेल ने डाइविंग में जीती ओवर ऑल चैम्पियनशिप

**लखनऊ।** चेन्नई में हुए सीनियर नेशनल डाइविंग चैम्पियनशिप-2026 में पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल में कार्यरत सचिन त्रिपाठी ने भारतीय रेल टीम के तकनीकी अधिकारी एवं टीम सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके तकनीकी अनुभव एवं योगदान से भारतीय रेल ने डाइविंग में ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। सचिन डाइविंग के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं राष्ट्रीय चैम्पियन रहें हैं। वर्तमान में वह लखनऊ मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में मुख्य कायार्धी के पद पर कार्यरत हैं। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि लखनऊ मण्डल प्रशासन खिलाड़ियों एवं तकनीकी अधिकारियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। निरंतर मार्गदर्शन, सहयोग और प्रोत्साहन से मण्डल के खिलाड़ी एवं तकनीकी अधिकारी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं।

## छात्रों के प्रयास की जीत : माधुर्य सिंह



**लखनऊ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे पर समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष माधुर्य सिंह मधुर ने कहा कि यह जीत हम सब छात्रो के निरंतर प्रयास की जीत है यह जीत उस हर छात्र के सपने की है जिसने रात 2 बजे तक पढ़ाई की। यह जीत नीट में धांधली के खिलाफ हम सड़कों पर उतरे, सवाल पूछे, आवाज उठाई और आज नतीजा सामने है हम जीत गए।

## युवाओं के दबाव में प्रधान ने दिया इस्तीफा : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि आखिरकार देश की जनता और करोड़ों युवाओं के भारी दबाव के आगे केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। यह केवल एक मंत्री का इस्तीफा नहीं, बल्कि उन युवाओं के संघर्ष की जीत है, जिन्होंने अपने भविष्य को बचाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि देश का युवा ही देश का भविष्य है। जब शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हों, परीक्षाओं की विश्वसनीयता प्रभावित हो और छात्रों का विश्वास डगमगाने लगे, तब केवल मंत्री बदल देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। सरकार को पूरे शिक्षा तंत्र की जवाबदेही तय करनी होगी और ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जिससे किसी भी युवा के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो। सुनील सिंह ने कहा कि सरकार अपनी नैतिक जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करना सरकार का पहला दायित्व है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और युवाओं का विश्वास बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा, तभी देश का भविष्य सुरक्षित होगा।

## पीजीआई में यूपी की पहली अत्याधुनिक ओपीडी एंडोस्कोपी लैब शुरू

अमन लेखनी समाचार

- विश्व हेड एवं नेक कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**लखनऊ।** विश्व हेड एवं नेक कैंसर दिवस पर शनिवार को एसजीपीजीआई के हेड एवं नेक सर्जरी विभाग की ओर से स्पंदनः कैंसर, उपचार और उससे आगे विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हेड एवं नेक विभाग में कैंसर रोगियों के लिए प्रदेश के किसी सरकारी चिकित्सा संस्थान में पहली अत्याधुनिक ओपीडी एंडोस्कोपी प्रयोगशाला स्थापित की गई है। संस्थान के डीन डा. शालीन कुमार और सीएमएस डा. देवेंद्र गुप्ता और हेड एवं नेक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अमित केशरी ने संयुक्त रूप से प्रयोगशाला का उदघाटन किया। कार्यक्रम में कैंसर को मात दे चुके मरीजों का सम्मान कर लोगों को समय पर जांच और उपचार के लिए जागरूक किया गया। संस्थान के निदेशक डा. आरके धीमन ने कहा कि हेड एवं नेक कैंसर के इलाज में समय पर पहचान, जनजागरूकता और विभिन्न विशेषज्ञों के संयुक्त प्रयास सबसे महत्वपूर्ण हैं।



डा. अमित केशरी ने कहा कि एंडोस्कोपी की सुविधा से मरीजों की आधुनिक जांच, ओपीडी में ही आवश्यक प्रक्रियाएं और उपचार के बाद नियमित निगरानी में मदद मिलेगी। कैंसर से जंग जीत चुके मरीजों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया।

वॉयसेज ऑफ होप सत्र में कैंसर विजेताओं ने अपनी संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की। दूसरे मरीजों को हौसला मिला। डा. इंदु शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

## धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा नयी पीढ़ी की जीतः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा नई पीढ़ी की जीत है। इंकलाब की जीत है। भाजपा की अहंकारी सरकार को जेन जी के सामने झुकना पड़ा। इस्तीफे की खबर ने नई पीढ़ी में ऊर्जा भरने का काम किया है। यह खबर जहां-जहां पहुंची है लोगों ने खुशियां मनायी है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने जिद क्यों किया? छात्र-नौजवानों, बच्चों से बात करके इस्तीफे का फैसला पहले हो जाना चाहिए था। जब नीट पेपर लीक हुआ। कई बच्चों की जान चली गयी तभी इस्तीफा ले लेना चाहिए था। सरकार ने स्वीकार किया कि परीक्षा लीक हुई थी। लेकिन फिर भी सरकार मैनेजमेंट में लगी रही।

आजमगढ़ में शनिवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने मांग की कि नीट परीक्षा लीक होने के बाद आत्महत्या करने वाले बच्चों के परिवारों की सरकार आर्थिक मदद करें। उन्होंने कहा कि जेन जी की ताकत के सामने सरकार को झुकना पड़ा। जेन जी की ताकत को देकर हमेशा कैमरे के सामने बोलने वाले प्रधानमंत्री को मोबाइल के सामने आना पड़ा। मोबाइल को

- सपा अध्यक्ष ने नीट परीक्षा लीक होने के बाद आत्महत्या करने वाले बच्चों के परिजनों को सरकार से आर्थिक मदद करने की उठायी मांग

टेढ़ा करना पड़ा। मोबाइल को टेढ़ा करके अपनी भाषा, व्यवहार बदलना पड़ा, भाषण देना पड़ा। एक ही बार नहीं, दो बार आना पड़ा। नई पीढ़ी के लोग रात में जागते है, प्रधानमंत्री को रात में आना पड़ा। वैसे तो उनका भाषण शाम आठ बजे होता था, इस बार 12 बजे के बाद आना पड़ा।

अखिलेश यादव ने कहा कि यह नई पीढ़ी की बड़ी जीत है। सरकार को समझना चाहिए। प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। परीक्षाओं के पेपर लीक न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। इस आन्दोलन से सबक सीखना चाहिए कि किसी परीक्षा का पेपर लीक न हो।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। उसके लिए बड़े पैमाने पर धन खर्च करती है लेकिन युवा पीढ़ी ने ऐसे नारे बनाए, पोस्टर बनाए जिनके बारे में तमाम लोग सोच ही नही सकते। यह आंदोलन युवाओं, सोशल मीडिया और इंटरनेट के माध्यम से देश भर में फैला। उसकी वजह से अन्ततोगत्वा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दावा करने वाली भाजपा, उसके संगी-साथी, अनरजिस्टर्ड लोगों को झुकना पड़ गया। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन से सभी राजनीतिक पार्टियों को भी सबक लेना चाहिए कि आने वाली परीक्षाएं फूलप्रूफ, ठोस तैयारी के साथ हो, पेपर लीक न हो और युवाओं के नौकरी, रोजगार के लिए रास्ते खोले। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा लीक मामले में छात्र-नौजवानों के साथ विपक्ष की भी पहली मांग शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की थी। उस मांग को विपक्ष ने संसद में उठाया। लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष उठाया। सड़क पर उतरा। विपक्ष अपनी मांग पर अडिग रहा। उन्होंने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के लिए उन सभी आंदोलनकारियों और समर्थकों को बधाई दी, जिन्होंने बिना परवाह किए डटकर आंदोलन को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज, बीएचयू, लखनऊ से लेकर देश भर में एक इंकलाब आया। छात्र-नौजवान सड़कों पर आये। युवाओं के इंकलाब से सरकार को झुकना पड़ा।

## यूपी में रियल एस्टेट सेक्टर की रफ्तार तेज

अमन लेखनी समाचार

- 2026 की पहली छमाही में 143 नई परियोजनाएं पंजीकृत
- 46,049 नई आवासीय इकाइयों का प्रस्ताव, 31,952 करोड़ के निवेश का अनुमान
- यूपी रेरा ने घर खरीदारों को दिलाई 2,173 करोड़ से अधिक की राशि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का रियल एस्टेट क्षेत्र लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) की वर्ष 2026 की अर्धवार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 की पहली छमाही में प्रदेश में 143 नई रियल एस्टेट परियोजनाएं पंजीकृत की गई हैं, जबकि वर्ष 2025 की समान अवधि में यह संख्या 134 थी। इन परियोजनाओं के अंतर्गत 46,049 आवासीय इकाइयों के निर्माण का प्रस्ताव है, जिनमें लगभग ?31,952 करोड़ का निवेश किया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, सर्वाधिक 37 परियोजनाएं लखनऊ में पंजीकृत हुई हैं, जबकि गौतमबुद्ध नगर में 27 और गाजियाबाद में 19 परियोजनाएं दर्ज की गई हैं। गौतमबुद्ध नगर में 15,678 करोड़ के निवेश के साथ 13,160 आवासीय इकाइयों का प्रस्ताव है, जबकि लखनऊ में 3,834 करोड़ के निवेश से 9,872 और गाजियाबाद में 3,989 करोड़ के निवेश से 9,500 इकाइयां प्रस्तावित हैं।

यूपी रेरा की रिपोर्ट बताती है कि राज्य में रियल एस्टेट विकास अब केवल एनसीआर और लखनऊ तक सीमित नहीं है। आगरा, मथुरा, वाराणसी, झांसी, बाराबंकी, बरेली और प्रयागराज जैसे शहर भी तेजी से नए रियल एस्टेट केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। वर्ष 2023 से 2025 के आंकड़े भी रियल एस्टेट क्षेत्र की निरंतर प्रगति को दशार्ते हैं। वर्ष 2023 में 197, वर्ष 2024 में 259 और वर्ष 2025 में 308 परियोजनाएं पंजीकृत हुईं। इसी अवधि में प्रस्तावित आवासीय इकाइयों की संख्या बढ़कर 2,09,638 तक पहुंच गई, जो वर्ष 2026 की पहली छमाही की 46,049 नई इकाइयों को जोड़ने पर 2,55,687 हो गई है। पूंजी निवेश भी वर्ष 2023 के 28,411 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2025 में ?68,328 करोड़ तक पहुंच गया।

घर खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए यूपी रेरा की प्रभावी कार्यप्रणाली भी सामने आई है। विभिन्न वसूली और प्रवर्तन प्रक्रियाओं के माध्यम से 8,212 मामलों में घर खरीदारों को कुल 2,173.78 करोड़ की राशि वापस दिलाई गई है। इनमें 6,411 मामलों में 1,623.28 करोड़ सीधे आवंटियों के बैंक खातों में हस्तांतरित किए गए, जबकि 1,801 मामलों में समझौतों के माध्यम से 550.50 करोड़ की राशि दिलाई गई। इसके अतिरिक्त, यूपी रेरा के विभिन्न विवाद निस्तारण मंचों ने 11,558 मामलों में 6,032.42 करोड़ मूल्य के संपत्ति विवादों का समाधान किया है। इनमें यूपी रेरा की पीठों, सुलह (कंसिलिएशन) फोरम और यूपी रेरा पोर्टल के माध्यम से बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया।

# मंत्री दारा सिंह के जन्मदिन पर एनडीए की दिखीं एकजुटता

### पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, मंत्री ओम प्रकाश राजभर सहित गणमान्यजनों ने दी कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान को जन्मदिन की शुभकामनाएं

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित जुपिटर ऑडिटोरियम में शनिवार को कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर संकल्प दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही देश के अलग-अलग हिस्सों से आए चौहान समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश एपी चौहान ने की। समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य वित्त मंत्री पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री एवं सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और गणमान्यजन उपस्थित रहे। मंत्री दारा सिंह के



- अगले वर्ष संकल्प दिवस पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धांजलि देने की घोषणा
- जन्मदिन पर संकल्प दिवस समारोह में उमड़ा चौहान समाज का जन सैलाब

जन्मदिन पर एनडीए की एकजुटता दिखीं जोकि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए बड़ा संदेश माना जा रहा है।

समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने दारा सिंह चौहान को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीघार्यु और निरंतर जनसेवा की कामना की। उन्होंने कहा कि दारा सिंह चौहान से उनका संबंध लंबे समय से है और प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्हें उनके साथ कार्य करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने समाज और संगठन के लिए दारा सिंह चौहान के योगदान की सराहना की तथा उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दीं।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि दारा सिंह चौहान ने चौहान समाज को संगठित करने और समाज को पहचान दिलाने का निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित और शिक्षित करने का संकल्प ही समाज को मजबूत बनाएगा। उन्होंने समारोह में उमड़ी भीड़ को चौहान समाज की ताकत और एकजुटता का प्रमाण बताया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि दारा सिंह चौहान ने समाज के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा, संगठन और सामाजिक चेतना को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगले संकल्प दिवस पर महान सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री एवं सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि दारा सिंह चौहान समाज को संगठित करने और समाज के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने वाले नेता हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प दिवस केवल जन्मदिन मनाने का अवसर नहीं, बल्कि समाज को संगठित, शिक्षित और मजबूत बनाने का संकल्प लेने का अवसर है। महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने दारा सिंह चौहान को जनसेवा के प्रति समर्पित संवेदनशील और कर्मठ जननेता बताते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने समारोह में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि चौहान समाज को आगे बढ़ाने के लिए संगठन, शिक्षा और सामाजिक चेतना को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने अगले वर्ष 25 जुलाई को आयोजित होने वाले संकल्प दिवस समारोह में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने की घोषणा की। उन्होंने उपस्थित लोगों से इस संकल्प को पूरा करने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए चौहान समाज के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, महिलाओं, युवाओं और कार्यकताओं ने दारा सिंह चौहान को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने समारोह को भव्य और प्रभावशाली बना दिया।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर के बोनट पर बैठकर जा रही 4 वर्षीये मासूम बच्ची की नीचे गिरने से मौत

बांगरमऊ, उन्नाव। फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर के बोनट पर बैठकर जा रही चार वर्षीय मासूम अचानक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे परिवार में मातम छा गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के ग्राम धन्ना पुरवा निवासी देशराज की चार वर्षीय पुत्री सृष्टि अपने हमउम्र बच्चों के साथ ट्रैक्टर के बोनट पर बैठकर कहीं जा रही थी। बताया जाता है कि ट्रैक्टर परिवार का ही एक सदस्य चला रहा था। रास्ते में अचानक संतुलन बिगड़ने से सृष्टि बोनट से नीचे सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई।हादसा होते ही चालक ने तत्काल ट्रैक्टर रोककर मासूम को उठाया और आनन-फानन में यहाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। बताया गया कि परिजन किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते थे। इसलिए आवश्यक औपचारिकताओं के बिना ही बच्ची का शव अपने साथ घर ले गए। गांव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। कुछ देर पहले तक आंगन में हंसती-खेलती सृष्टि की असमय मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।

### घायल वृद्ध को इलाज के बहाने कार में बैठाकर बीच रस्ते पर छोड़ा

बांगरमऊ, उन्नाव। मानवता की शर्मसार करने वाली एक घटना उजागर होती दिख रही है जिसमें इलाज कराने के बहाने कार में बैठाकर दुर्घटना कारित करने वाला व्यक्ति एक वृद्ध को सुनसान इलाके में छोड़कर फरार हो गया घटना के संबंध में घायल की बहु ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर निवासिनी गीता पत्नी स्व सर्वेश कुमार ने बांगरमऊ कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उनके ससुर सुमेर 65 पुत्र स्व धरमू शुक्रवार की शाम घरेलू सामान लेने के लिए बांगरमऊ गए थे। जहां बांगरमऊ में वे पैदल जा रहे थे कि तभी हरदोई उन्नाव मार्ग पर सुभाष इंटर कॉलेज के सामने एक कार ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। देखते ही देखते वहां मजमा लग गया। तभी कार सवारों ने उसका इलाज कराने के लिए अस्पताल ले जाने की बात कहकर कार पर बैठा लिया और माढ़ापुर रोड पर सन्नाटे में कार से उसे उतारकर फरार हो गए। दर्द से घंटों तड़पने के बाद गांव के एक युवक ने उसे देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने उसे बांगरमऊ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां गंभीर दशा को देखते हुए डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस कार व चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# कांवड़ यात्रा और बाढ़ को लेकर डीएम ने किया घाटों और कटान क्षेत्रों का दौरा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के साथ शुक्रवार को आगामी कांवड़ यात्रा और बाढ़ की तैयारियों को लेकर गंगा घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने आनंदेश्वर घाट, मिश्रा कॉलोनी घाट और जाजमऊ स्थित चंदन घाट पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, बैरिकेडिंग, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम और सीसीटीवी कैमरे सहित श्रद्धालुओं के लिए की गई अन्य व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गंगाघाट को निर्देश दिए कि घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो, महिलाओं के चेंजिंग रूम समय से तैयार कराए जाएं, शौचालय और घाटों की सफाई नियमित रूप से हो तथा जरूरी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान जलाभिषेक करने आए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी इंतजाम समय रहते पूरे कर लिए जाएं। इसके बाद डीएम ने बाढ़ की तैयारियों का भी मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने मिश्रा कॉलोनी घाट से गोताखोर से आनंदेश्वर घाट तक नाव में बैठकर बाढ़ क्षेत्र और गंगा कटान का जायजा लिया। साथ ही आनंदेश्वर और जाजमऊ के चंदन घाट पर पहुंचकर बाढ़ से बचाव के प्रबंध देखे। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई बाढ़ खंड को गंगा कटान रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी सदर को पर्याप्त नावों की व्यवस्था और गोताखोरों की सूची व संपर्क नंबर तैयार रखने को कहा। डीएम ने कहा कि बाढ़ के मद्देनजर सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं और बाढ़ चौकियां सक्रिय रूप से काम करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, उप जिलाधिकारी सदर राजेश कुमार विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गंगाघाट और बाढ़ खंड के अधिकारी उपस्थित रहे

## पैरा बेटो ने किया पशुओं के टीकाकरण का बहिष्कार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा ब्लाक क्षेत्र में कार्यरत पैरा बेटो पशु मित्रों ने एफएमडी टीकाकरण का बहिष्कार कर दिया उन्होंने अपनी मांगों के संदर्भ में मुख्य पशु-चिकित्सकाअधिकारी उन्नाव वा पशुअधिकारी असोहा को ज्ञापन सौपापैरा बेटो ने 14 जुलाई के शासनादेश का हवाला देते हुए कहा की विभाग द्वारा प्रस्ताव भेजे जाने के बाद आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है नियमित मानदेय हमारी मांगों में प्रमुख मांग है यदि ऐसा नहीं हुआ तो हम लोग आगामी अगस्त माह में अनिश्चितकाल धरना करेंगे इस मौके पर पैरा वेट जिला अध्यक्ष सुशील कुमार सुधीर कुमार सुनीत कुमार सभा राज रामनरेश अमित कुमार वा शैलेंद्रपैरा वेट वा पशुमित्र उपस्थित रहे किसानों में शिवराज नानके का कहना कि ऐसे समय में बहिष्कार करने से किसानों के सामने समस्या उत्पन्न हो गई क्योंकि समय बरसात का महीना चल रहा है जिसमें अनेक प्रकार की बीमारियां पशुओं में होने की संभावना प्रबल रहती है वही सूत्र बताते हैं की गौशालाओमें भी ट्रैकिंग का काम ना के बराबर हुआ है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत


अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। ब्लॉक संसाधन केंद्र बीघापुर में आयोजित खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाध्यापक/हेड इंचार्ज शिक्षकों की बैठक के अवसर पर नवागत खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बीघापुर की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।महासंघ की ओर से ब्लॉक अध्यक्ष धीरज प्रताप सिंह, महामंत्री संजीव कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष राम नरेश तिवारी, सर्वोदय कुमार तथा जिला उपाध्यक्ष गणेश शंकर गुप्ता ने संपूर्ण बीघापुर शिक्षक परिवार की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी महोदया का स्वागत करते हुए उनके सफल एवं यशस्वी कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं।बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी महोदया ने विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सतत सुधार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, समयबद्ध शैक्षिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन तथा विभागीय निदेशों के शत-प्रतिशत अनुपालन पर विशेष बल दिया। उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला उपाध्यक्ष गणेश शंकर गुप्ता ने कहा, ''राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सदैव शिक्षकों और विभाग के बीच सकारात्मक समन्वय स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमें विश्वास है कि नवागत खंड शिक्षा अधिकारी महोदया के नेतृत्व में बीघापुर विकासखंड में शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं नवाचार को नई गति मिलेगी। शिक्षक समाज पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ विभागीय अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। बैठक में विकास खंड के विधालयों के प्रधानाध्यापक/इंचार्ज शिक्षको ने प्रतिभाग किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खार पुरवा में अज्ञात कारण के चलते महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौत की सूचना मिलते ही परिजनो में मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम खारपुरवा निवासी जुराखन का विवाह करीब तीन साल पहले फतेहपुर जनपद के थाना चांदपुर अंतर्गत ग्राम भागलपुर निवासी राजेश कुमारी के साथ हुई थी। जुराखन जयपुर में रहकर वाल कंपाउंड बनाने का काम करता है। शुक्रवार रात पति जयपुर से गांव लौट रहा था। इसी दौरान घर में मौजूद राजेश कुमारी ने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर उसमें लटक गई। देवर ने फंदे से शव लटका देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। सास कलावती ने मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी। मौत की सूचना मिलते ही मायके से मां सरोज,पिता रामरतन,भाई रोहित समेत अन्य परिजन गांव पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। महिला अपने पीछे डेढ़ वर्षीय बेटा देवा, पति समेत अन्य परिजनो को रोता बिलखता छोड़ गई। अतिरिक्त निरीक्षक राकेश यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,मायके पक्ष से अभी तहरीर नही मिली है।

# चोरों ने एक घर को बनाया अपना निशाना नगदी समेत पार कर दिया लाखो के जेवरात

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आसा खेड़ा गांव में देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नगदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला और नगदी व आभूषण गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

पीड़ित परिवार के अनुसार, घर में रखी लाखों रुपये की नगदी और कीमती जेवरात चोरी हो गए हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। परिवार ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दे दी है और जल्द कार्रवाई की मांग की है।

घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

समाचार लिखे जाने तक पुलिस के मौके पर पहुंचने की पुष्टि नहीं हो सकी थी। हालांकि, सूचना दिए जाने के बाद स्थानीय पुलिस से कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है। चोरी की वास्तविक कीमत और वारदात की परिस्थितियों का स्पष्ट पता पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल ग्रामीणों की नजर पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हुई है। पीड़ित परिवार को उम्मीद है कि पुलिस जल्द मामले का खुलासा कर चोरी गया सामान बरामद करेगी और घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करेगी !

# चोरी की चार मोटरसाइकिल व एक स्कूटी को साथ शातिर चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा चोरी की चार मोटरसाइकिल व एक स्कूटी को साथ शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया सुभाष चन्द्र मय हमराह पुलिस बल द्वारा सरैया रेलवे क्रसिंग पर निर्माणधीन ओवर ब्रिज के नीचे सरैया गांव के तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी मुखविर खास की सूचना पर छोटू उर्फ बौका यादव पुत्र जोधा यादव वर्तमान निवासी दुल्लन सिंह का स्कूल नौवतगंज बागंरमऊ जनपद उन्नाव मूल निवासी धनौती थाना कटिया जनपद देवरिया को कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल वढ35 इट6873 बरामद कर गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना दही पर मु0अ0स0-191/26 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्त से पूछताछ के दौरान अभियुक्त की निशादेही पर ग्राम नेतुहा के पास से चोरी की 03 अन्य व 01 स्कूटी को बरामद किया गया। जिसमें 01 मोटर साइकिल के सम्बन्ध में थाना कोतवाली सदर उन्नाव में मु0अ0स0-412/26 धारा 303(2) बीएनएस व स्कूटी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली सदर जनपद कानपुर नगर पर मु0अ0स0-141/26 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना गंगाघाट पर मु0अ0स0- 410/26 धारा 317(2),317(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

# शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा में 22 प्रतीकात्मक पुतले जलाकर सरकार से उठाई मांग

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा गहरपुरवा के मजरा बगिया में वीरांगना फूलन देवी का शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन वीरांगना फूलन देवी सेवा संस्थान की अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी की जिला सचिव यशोदा निषाद के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर यशोदा निषाद ने अपने संबोधन में फूलन देवी के जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के सम्मान तथा अधिकारों की रक्षा के लिए फूलन देवी का संघर्ष लंबे समय तक याद किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान यशोदा निषाद ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष दशहरे के अवसर पर रावण का पुतला दहन किया जाता है, उसी प्रकार उनके अनुसार फूलन देवी के साथ हुए अपराध के आरोपियों की स्मृति में 22 प्रतीकात्मक पुतलों का दहन कर समाज में महिलाओं के प्रति होने वाले अत्याचारों के खिलाफ जनजागरूकता का संदेश दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर यशोदा निषाद के साथ सैकड़ों महिलाओं ने प्रतीकात्मक रूप से 22 पुतलों का दहन किया और महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा न्याय सुनिश्चित करने की मांग उठाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक समानता के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण, महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाजवादी पार्टी के समर्थक मौजूद रहे। आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# लोटस कान्वेंट स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के छांछीराईखेडा सुमेरपुर स्थित लोटस कान्वेंट स्कूल में शनिवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रतिभागियों ने अपने अपने पात्रों एवं उनकी समाज में उपयोगिताओं के आधार पर ड्रेस पहनकर दर्शकों का मनमोह लिया। जिसमे कक्षा पीजी के गौरांश, यूकेजी की सोना, पीजी के आस्तिक यूकेजी शिवांशी, ध्रुवी शुक्ला ने भारतीय सैनिक, दक्षिण भारतीय वेश, भारतीय नारी, तितली, राजस्थानी, बेबीडाल, पर्यावरण संरक्षण समेत समाज को एक अलग संदेश देने वाली कई ड्रेस में प्रतिभाग किया गया। प्रधानाचार्या स्वाती बाजपेई ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों के मन से मंच का भय दूर करना है ताकि आने वाले भविष्य में जब वह बडी कक्षाओं में पहुंचे तो बेझिझक अपने विचार रख सके। इस अवसर




प्रधानाचार्या स्वाती बाजपेई, शैलेन्द्र अवस्थी, रश्मी खरे, कुष्मांजलि, नित्या, अंजली, रूपल, प्रशांत, मौसम समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभागियों की प्रतिभा को सराहा ।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रीड़ा ट्रायल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शनिवार को जनपद मुख्यालय स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम उन्नाव में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय उन्नाव की क्रीडा ट्रायल/ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त एवं लेखा अधिकारी द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माला पहनाकर किया गया गया। कार्यक्रम में क्रीडा प्रतियोगिता खो-खो अंडर 17 में सि सरोसी, अंडर 14 बिछिया प्रथम कबड्डी, अंडर 17 मियागंज अंडर 14 मियागंज प्रथम वालीबाल, अंडर 14 गजमुरादबाद 17 सि सरोसी प्रथम, ,क्रिकेट अंडर 17 गजमुरादबाद 19 गंजमुरादाबाद एथलेटिक्स, बैडमिंटन आदि खेलों में प्रतिभाग करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा एथलेटिक्स की अंडर 17 आयुवर्ग की 100 मी दौड़ में अपूर्वा बांगरमऊ प्रथम, मधु पुरवा द्वितीय, माया बांगरमऊ तृतीय, अंडर 14 आयुवर्ग की 100 मी दौड़ में कोमल गंजमुरादाबाद प्रथम, कुंती गंजमुरादाबाद द्वितीय, अंकिता तृतीय रही। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पांडे सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी सतीश कुमार पांडे प्रभारी जिला समन्वय बालिका शिक्षा राम जी नवीन सिंहा जिला क्रीड़ा सचिव जिला व्यायाम शिक्षिका अनीता वर्मा पुरुषोत्तम कुमार जिला व्यायाम शिक्षक, धर्मेंद्र कुमार, धर्मेश श्रीवास्तव आकाश वर्मा, राकेश तिवारी दिव्याश श्रीवास्तव अभिषेक पेटल अनुदीप श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में थाना दिवस का सफल आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित एवं पारदर्शी न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसडीएम बृजमोहन शुक्ला के नेतृत्व में बांगरमऊ थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

थाना दिवस में थाना प्रभारी राकेश कुमार यादव, नायब तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी (सीओ) बांगरमऊ हर्ष मोदी, कानूनगो तथा क्षेत्र के सभी लेखपाल उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की संयुक्त रूप से सुनवाई कर फरियादियों को भरोसा दिलाया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

एसडीएम बृजमोहन शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद, पैमाइश, कब्जा, सीमांकन एवं अन्य राजस्व मामलों में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए तथा पुलिस और राजस्व विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनता को शीघ्र राहत प्रदान करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। थाना प्रभारी राकेश कुमार यादव एवं क्षेत्राधिकारी हर्ष मोदी ने भी लोगों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी सौहार्द कायम रखने तथा किसी भी विवाद की स्थिति में कानून का सहारा लेने की अपील की।

थाना दिवस के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। आयोजन के अंत में उपस्थित लोगों ने प्रशासन की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को मजबूत करने वाला प्रभावी मंच बताया।

# 25 जुलाई सन 1999 को दुश्मनों से मोर्चा लेते हुए शहीद हुए थे जनपद के लाल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। कारगिल युद्ध में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देते हुए 25 जुलाई 1999 को बीघापुर तहसील के बजौरा गांव निवासी वीर योद्धा अमर बहादुर सिंह शहीद हुए थे। जिस दिन अमर बहादुर शहीद हुए थे, उनका बेटा 19 दिन का था। तहसील बीघापुर के ग्राम बजौरा निवासी किसान मनमोहन सिंह के बड़े बेटे अमर बहादुर सिंह कारगिल युद्ध के समय जम्मू कश्मीर के द्रास सेक्टर में तैनात थे। दुश्मन देश पाकिस्तान की सेना से कई दिनों तक मोर्चा लेते हुए अमर बहादुर सिंह 25 जुलाई 1999 को शहीद हो गए थे। पति की शहादत से ठीक 19 दिन पहले 6 जुलाई 1999 को फौजी अमर बहादुर की पत्नी मिथिलेश ने बेटे को जन्म दिया था। चार बेटियों पूजा, शिल्पा, प्रिया व अनीता के बाद बेटे के जन्म की सूचना पर वह काफी खुश थे, लेकिन कारिगल में युद्ध जारी होने से उन्हें छुट्टी नहीं मिल सकी थी। फोन पर परिजनों ने अमर बहादुर को बेटा होने की सूचना दी थी। शहीद के 27 वर्षीय बेटे अजय सिंह बताते हैं कि उन्होंने अपने पिता को सिर्फ फोटो और प्रतिमा में ही देखा है।उनकी वीरता के किस्से भी परिवार वालों से सुने हैं। वह भी सेना में जाना चाहते थे, लेकिन मां और परिवार की जिम्मेदारियों ने उसके कदम रोक दिए। वह सरकार की ओर से मां के नाम स्वीकृत की गई गैस एजेंसी का संचालन कर रहे हैं। शहीद के पिता मनमोहन सिंह ने बताया कि सबसे बड़ा बेटा (अमर बहादुर) सेना में भर्ती हुआ तो सीना चौड़ा हो गया था। शहीद होने की सूचना मिली तो परिवार टूट गया था, लेकिन गर्व भी हुआ कि उनका बेटा मातृ भूमि की रक्षा करते शहीद हुआ।सबसे छोटे भाई सेना में सूबेदारअमर बहादुर की संतानों में से चारों बेटियों पूजा, शिल्पा, प्रिया व अनीता सिंह की शादी हो चुकी है। वीर नारी मिथिलेश कुमारी अपने ससुर मनमोहन व सास रामप्यारी की देखभाल करती हैं। संयुक्त परिवार में शहीद अमर बहादुर के तीन छोटे भाइयों में से रणबहादुर सिंह और पूर्व प्रधान राय सिंह किसान हैं। सबसे छोटे भाई रामचंद्र सिंह सेना में सूबेदार हैं।

# बैसवारा साहित्य शोध संस्थान ने अर्पित की श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। वरिष्ठ साहित्यकार ग्राम बिहार निवासी डॉ. गणेश नारायण शुक्ल की पत्नी सुधा(सुशीला) शुक्ला की मासिक पुण्यतिथि पर जनपद की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था बैसवारा साहित्य शोध संस्थान द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गयी ।इसी क्रम में उनकी स्मृति में गठित ह्यसुधा फाउंडेशनह्ण ने प्राथमिक विद्यालय बिहार (द्वितीय) में बच्चों को फल वितरित किया । सुधा फाउंडेशन के सचिव डॉ. आनंद वर्धन शुक्ल ने बताया कि संस्था आने वाले समय में साहित्य संवर्धन , स्मारिका प्रकाशन एवं समय समय पर गरीब छात्रों को छात्रवृत्ति, जनता के लिये स्वास्थ्य कैम्प एवं बच्चों तथा गरीब महिलाओं , बुजुर्गों के लिए कपड़ों का वितरण करने का कार्य करेगी।

इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक श्री आनंद मोहन द्विवेदी, साहित्यकार श्री सुनील बाजपेयी, समाजसेवी श्री चंद्रिका प्रसाद मिश्र, साहित्यकार डॉ रामकिशोर वर्मा, श्रीमती भारती तिवारी, सत्येंद्र बहादुर सिंह, दामिनी शुक्ला,गोविंद, अंशुमान शुक्ल, अध्यात्म शुक्ल तथा प्राथमिक विद्यालय की प्रधान अध्यापिका प्रतिभा दीक्षित, शिक्षिका रेशमा बानो, राधिका बाजपेयी, ध्यानु सैनी, मीनाक्षी देवी, पूजा सिंह, साधना सिंह, उर्मिला, विजय लक्ष्मी, अमित मिश्रा, रवि मिश्रा, मनीष मिश्र , फूलमति, किरण आदि उपस्थिति रहीं।

# जिम्मेदारों की अनदेखी पैचिंग व मरम्मत कार्य ठप

अमन लेखनी समाचार




औरास, उन्नाव। ब्लाक क्षेत्र का नरायन पुर गांव जाने वाले मार्ग औरास मोहान मार्ग से जुड़ा हुआ है। जो दस वर्ष पूर्व मंडी परिषद से बनाया गया था। उसके बाद से विभाग ने पैचिंग व मरम्मत का कार्य ठंडे बस्ते में डाल दिया ।जिसके कारण अब ये मार्ग गलियारे में तब्दील हो गई। जिसका नतीजा यह है। कि बरसात के महीने में ग्रामीण कीचड़ भरे मार्ग से निकलने के लिए मजबूर है। वही स्कूल जाने वाले बच्चे कीचड़ भरे मार्ग से गुजरने पर गिर कर चोटहिल हो रहें है ।जिसकी किसी को प्रवाह नही है ग्रामीणों को घोर मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।मजाल है कोई व्यक्ति साफ सुथरी जगह से निकल सके जनप्रतिनिधि व अधिकारी क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने का खूब ढिंढोरा पीट रहे। इस गांव का विकास अपना अलग ही अंदाज बयाँ कर रहा है। जो देख लेता है। दाँतो तले अंगुली दबा लेता है।इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि आँख मूंद कर बैठे है। कोई सुनने वाला नही है। ग्रामीणों में रामकुमार दीक्षित , गोपाल दीक्षित अजय कुमार सहित सैकड़ों ग्रमीणों ने व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

## सम्पादकीय

# सरकार जल्द शुरू करे युवाओं के साथ संवाद

देश की सबसे बड़ी ताकत और उम्मीद उसकी युवा आबादी है, लेकिन जब यही युवा सड़कों पर उतरकर अपनी बात कहने को मजबूर हों, लंबे समय तक आंदोलन करें, अनशन का सहारा लें और उनकी मांगों पर लगातार टकराव का माहौल बने, तो यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं रह जाता। यह सरकार, राजनीतिक दलों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए आत्ममंथन का विषय बन जाता है। इसलिए अब समय आ गया है कि सरकार युवाओं के साथ संवाद की पहल बिना किसी देरी के शुरू करे और उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें विश्वास में ले। परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर उठे सवाल लाखों छात्रों की चिंता से जुड़े हैं। इन मुद्दों का समाधान केवल पुलिस बल, राजनीतिक बयानबाजी या एक-दूसरे पर आरोप लगाने से नहीं निकल सकता। यदि युवाओं को यह महसूस होने लगे कि उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है, तो असंतोष और अविश्वास बढ़ना स्वाभाविक है। लोकतंत्र में असहमति को सुनना कमजोरी नहीं, बल्कि परिपक्वता का परिचायक है। वहीं, विपक्ष भी युवाओं के भविष्य पर राजनीति नहीं करे, बल्कि तथ्यों और समाधान पर बात करे और संसद में भी जनहित की आवाज उठाए। संयम, संवाद और संवैधानिक मर्यादा बनाए रखना जरूरी है। सरकार भी परीक्षा प्रणाली को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाए, ताकि देश का युवा आसानी से परीक्षा दे सके और किसी तरह की परेशानी न हो। सोनम वांगचुक का लंबा अनशन भी इसी चिंता का प्रतीक है। विपक्षी सांसदों ने उनसे अनशन समाप्त करने का आग्रह करते हुए भरोसा दिलाया है कि युवाओं के मुद्दे संसद में उठाए जाएंगे। यह सकारात्मक संकेत है, लेकिन केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होंगे। संसद में गंभीर चर्चा, समयबद्ध निर्णय और ठोस सुधारात्मक कदम ही इस भरोसे को मजबूत कर सकते हैं। लोकतंत्र में संसद से बेहतर संवाद का कोई मंच नहीं हो सकता। डिजिटल युग में जानकारी तेजी से फैलती है और किसी भी घटना पर युवाओं की प्रतिक्रिया भी तुरंत सामने आती है। ऐसे समय में संवाद से दूरी केवल गलतफहमियों को बढ़ाती है। यदि सरकार समय रहते छात्र संगठनों, शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और आंदोलन के प्रतिनिधियों के साथ खुली बातचीत शुरू करती है, तो कई विवाद बिना टकराव के सुलझ सकते हैं। वहीं, आंदोलनकारी संगठनों और विपक्ष की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। विरोध लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन वह पूरी तरह शांतिपूर्ण और संवैधानिक दायरे में होना चाहिए। किसी भी आंदोलन का उद्देश्य समाधान होना चाहिए, न कि ऐसा टकराव जिसमें आम जनता परेशान हो और मूल मुद्दा ही पीछे छूट जाए। सरकार और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि युवाओं के भविष्य पर राजनीति से अधिक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता है। आज देश की शिक्षा व्यवस्था को केवल परीक्षा आयोजित करने वाली प्रणाली नहीं, बल्कि विश्वास पैदा करने वाली प्रणाली बनाने की जरूरत है। यदि परीक्षा निष्पक्ष होगी, भर्ती समय पर होगी और शिकायतों के निवारण की प्रभावी व्यवस्था होगी, तो आंदोलनों की नौबत भी कम आएगी। लोकतंत्र की असली ताकत संवाद में होती है, दमन या टकराव में नहीं। सरकार को चाहिए कि वह जल्द युवाओं से औपचारिक बातचीत शुरू करे, उनकी आशंकाओं को दूर करे और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की स्पष्ट समयसीमा घोषित करे।



मुद्दा

अवधेश कुमार

राजधानी दिल्ली में 20 मार्च को हजारों लोगों की जुटी आक्रामक भीड़ हमें एक साथ कई पहलुओं पर विचार करने को बाध्य करती है। कॉकरोच शब्द का प्रयोग उच्चतम न्यायालय ने किया। बाद में स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने इसके बारे में अपना स्पष्टीकरण भी दिया, किंतु कॉकरोच केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध का कारण बन गया। क्यों और कैसे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के किसी प्रतिनिधि ने न कॉकरोच शब्द का प्रयोग किया और न उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का समर्थन। लगभग देश के लिए एक अनाम व्यक्ति ने अमेरिका से सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से साइट बनाई। जो कुछ उसमें लिखा जा रहा था, न वहां कोई गंभीर विजन था, न कोई सपना।

# दिशाहीन विरोध प्रदर्शनों की भयावहता

राजधानी दिल्ली में 20 मार्च को हजारों लोगों की जुटी आक्रामक भीड़ हमें एक साथ कई पहलुओं पर विचार करने को बाध्य करती है। कॉकरोच शब्द का प्रयोग उच्चतम न्यायालय ने किया। बाद में स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने इसके बारे में अपना स्पष्टीकरण भी दिया, किंतु कॉकरोच केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध का कारण बन गया। क्यों और कैसे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के किसी प्रतिनिधि ने न कॉकरोच शब्द का प्रयोग किया और न उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का समर्थन। लगभग देश के लिए एक अनाम व्यक्ति ने अमेरिका से सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से साइट बनाई। देखते-देखते लाखों फॉलोअर्स उसमें जुड़ गए। जो कुछ उसमें लिखा जा रहा था, न वहां कोई गंभीर विजन था, न कोई सपना। अचानक वह दिल्ली में प्रदर्शन की घोषणा करते हैं और हवाई अड्डे पर उतरते हैं। हवाई अड्डे पर भी उनके स्वागत के लिए कोई भीड़ नहीं, न रास्ते में कहीं लोग। जंतर-मंतर पर पहले दिन का प्रदर्शन अत्यंत सामान्य रहा और उसमें शामिल होने वालों से ज्यादा दर्शकों की संख्या थी। सभी तरह के और सभी विचारधाराओं के लोग उसमें थे। लेकिन धीरे-धीरे ऐसी स्थिति बनी कि सोनम वांगचुक लद्दाख से आकर आमरण अनशन पर बैठ गए। कुछ सेलिब्रिटी आने लगे। विपक्ष के कुछ नेता आने लगे और धीरे-धीरे हुए वे सारे चेहरे जो शाहीनबाग से लेकर किसानों के नाम पर हुए आंदोलन या फिर अन्य ऐसे विरोध प्रदर्शनों में लगातार दिखते हैं।

संसद के मानसून सत्र के आरंभ के दिन संसद मार्च का ऐलान हुआ और फिर जिस तरह की भीड़ चारों तरफ जुटी, वह देश के सामने है। इस मार्च में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल लोग कुछ भी कहें ,पर एक नेतृत्वविहीन दिशाहीन अभियान का डरावना दृश्य देश ने देखा। भारी संख्या में पुलिस वाले घायल हुए, पुलिस के वाहन तोड़े गए और पुलिस के बल प्रयोग से प्रदर्शनकारी भी घायल हुए। इसमें दो राय नहीं कि नीट का प्रश्न पत्र लीक होने के कारण युवाओं के परिवारों और देश में भी क्षोभ व असंतोष का वातावरण था। आरंभ में ऐसा लगा भी कि यह नीट के छात्रों के भविष्य की लड़ाई है। इसी बीच एक महिला ने अभिजीत दीपके पर काली स्याही फेंकी। उसका कहना था कि मेरे बेटे ने 680 अंक नीट में प्राप्त किए और लीक होने के बाद वह डिप्रेशन में चला गया, लेकिन यहां नीट कोई मुद्दा ही नहीं है। उसका यह भी कहना था कि सोनम वांगचुक यहां आमरण अनशन पर हैं और कोई भी वरिष्ठ व्यक्ति आंदोलन का उनका ध्यान रखने वाला नहीं है। अजीब दृश्य। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के मरने का नारा और योगी आदित्यनाथ को छक्का कहा जा रहा है। पूरी स्थिति वही है जो हमने शाहीनबाग और फिर किसानों के नाम पर दिल्ली में हुए लंबे धरना प्रदर्शन में देखा था। इस बीच सरकार ने नीट परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी कर ली और उसके परिणाम भी आ गए। प्रश्न पत्र से लेकर पूरी परीक्षा और परिणाम तक जैसी सख्त व सुरक्षित व्यवस्था की गई, उससे साफ था कि सरकार के अंदर परीक्षा को स्वच्छ रूप से आयोजित करने का दृढ़ विचार है। साफ है कि दोबारा परीक्षा देने वाले जिन छात्रों का चयन नहीं हुआ होगा और पहली बार उन्होंने अच्छा किया होगा, उनको छोड़कर बाकी शेष के अंदर मन में पीड़ा होगी




लेकिन असंतोष का भाव नहीं होगा। भविष्य में नीट ही नहीं, किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक नहीं हों, उसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाने और जो कुछ हमारे पास सुझाव हैं, उन्हें सामने रखना स्वाभाविक है। पर इस अभियान में नीट और प्रश्न पत्र लीक का विषय हाशिये पर चला गया। कुल मिलाकर इसे अगर आंदोलन बोला जाए तो न इसका कोई निश्चित उद्देश्य रहा, न कोई दुरगामी कार्यक्रम। संसद मार्च की घोषणा हो गई। ऐसी स्थिति बनी कि दिल्ली ट्रैफिक जाम में फंसी रही। मेट्रो के अनेक स्टेशनों के द्वार बंद रहे। सरकार और प्रशासन की सतह पर जो सोच और रणनीति दिखाई पड़ती है, वह यही कि प्रदर्शन करने वाले अगर कानून की परिधि में करते हैं तो उनके साथ बल प्रयोग नहीं होना चाहिए। अभिजीत दीपके जिस दिन दिल्ली में उतरे, जंतर- मंतर पर धरने की पहले से अनुमति नहीं थी। धरना देने वाले पहले पुलिस से अनुमति लेते हैं और उसकी अवधि तय होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान ने हमें न्याय के लिए संघर्ष करने, अपनी आवाज उठाने का अधिकार दिया है किंतु उसमें कानून के साथ विवेक और मर्यादा की सीमाएं भी हैं। यह सरकार प्रशासन और विरोध करने वालों सब पर लागू होता है। उद्देश्य कुछ और हो तो फिर ऐसे ही होता है। अगर सरकार ने आपको प्रदर्शन की स्वतंत्रता दी, बेवजह लोगों को आने से रोका नहीं गया तो उसके नेतृत्व करने वाले का दायित्व था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रदर्शन की सीमाओं का पालन करते। पर पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि पूरे विश्व में एक अराजक उग्र नव वामपंथी धारा पैदा हुई है। नेपाल परिवर्तन से उसे जेन जी का नाम दिया गया। हमारे पड़ोस श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल के परिवर्तन ने हमारे यहां भी और देश से बाहर रहने वाले अवांछित समूहों को प्रेरित किया है कि भारत में ऐसा कर नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध उथल-पुथल और अराजकता की स्थिति पैदा की जा सकती है। हमारे यहां राजनीतिक और गैर राजनीतिक विपक्ष में ऐसे लोग हैं जिन्हें इसमें अवसर दिखता है। हर ऐसे विरोध प्रदर्शन आंदोलन में सच्चे परिवर्तन या मांग के समर्थन वाले लोग साफ हृदय से आते हैं।

शाहीनबाग धरने से हमने देखा है कि उसकी दिशा, भाषा और लक्ष्य ऐसे लोगों के हाथों आ जाता है, जिनका हमेशा उद्देश्य नकारात्मक होता है। याद कीजिए, सीएए के विरुद्ध कहा जा रहा था कि भारी संख्या में मुसलमानों की नागरिकता चली जाएगी। क्या आज तक किसी एक की नागरिकता गई? इस कारण दिल्ली दंगों तक का शिकार हुई। किसी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हो या कोई अन्य भ्रष्टाचार के विषय हो, पूरे समाज में क्षोभ पैदा होता है। हम सबको ध्यान रखना चाहिए कि इसका लाभ अवांछित तत्व न उठा सकें। अगर इस तरह विरोध प्रदर्शन हुए तो भविष्य में सरकारों और प्रशासन के लिए इनको नियंत्रित और सीमित करने के रास्ते निर्धारित करने पड़ सकते हैं। इसमें हमारे आपके विरोध के अधिकार पर ही बंदिश लगेगी। पुलिस प्रशासन का भी दायित्व है कि उनके अधिकारों के पालन का ध्यान रखने के साथ ऐसे अवांछित तत्वों की पहले से पहचान कर कुछ पूर्वोपाय के कदम उठाए। अब सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं और संभव है कि आगे भी गिरफ्तारियां हों, मामले दर्ज हों। हालांकि ऐसे विरोध प्रदर्शनों में पहले किसी के विरुद्ध कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई, न सजा हुई। कुल मिलाकर यह चिंता का विषय है कि सुप्रीम कोर्ट के टिप्पणी के विरुद्ध सामान्य कटाक्ष से बना एक साइट प्रश्न पत्र लीक से जुड़ते हुए यहां तक पहुंच गया। ऐसा क्यों हुआ, कैसे हुआ, अगर इन प्रश्नों पर हम विचार करें तो उत्तर आसानी से मिल जाएगा। इसी से यह भी उत्तर मिलेगा कि आगे यह स्थिति कैसे पैदा न हो।


जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# चंद्रशेखर 'आजाद', जिनकी पिस्तौलों का भी इतिहास है

सन् 1919 में 13 अप्रैल को बैसाखी का दिन था और ब्रिटिश ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर ने पंजाब के जलियांवाला बाग में कुख्यात रॉलेट एक्ट के विरोध में हो रही शांतिपूर्ण सभा पर बिना कोई चेतावनी दिए बेहद क्रूरतापूर्वक अंधाधुंध पुलिस फायरिंग करा दी थी। इससे जो विचलित कर देने वाला नरसंहार हुआ, उसने देश में ऐसे विकट उद्वेलन पैदा किए कि जहां देशवासी डायर को 'द बूचर ऑफ अमृतसर' कहने लगे, वहीं नौजवानों का खून उबल पड़ा। वे अहिंसा का दामन छोड़कर हर हाल में प्रतिशोध, दूसरे शब्दों में कहें तो मरने-मारने वाले सशस्त्र संघर्ष के लिए मचलने लगे। अनंतर, उनके अरमानों व आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से 8-9 सितंबर 1928 को दिल्ली के ऐतिहासिक फिरोजशाह कोटला मैदान में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन नामक क्रांतिकारी संगठन गठित किया गया, जिसका उद्देश्य सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से भारत को स्वतंत्र कराना था। इसकी स्थापना के पीछे भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, बटुकेश्वर दत्त और भगवती चरण वोहरा जैसे क्रांतिकारियों की सुविचारित



रणनीति थी और सच पूछिए तो यह अक्टूबर, 1924 में क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, शचींद्रनाथ सान्याल और योगेश चंद्र चटर्जी द्वारा स्थापित 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' का पुनर्गठित रूप था। इसकी आर्मी के कमांडर-इन-चीफ थे चंद्रशेखर आजाद, जिनकी आज 120वीं जयंती है। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले के भाबरा गांव में 1906 में आज के ही दिन यानी 23 जुलाई को जन्मे आजाद ने कमांडर-इन-चीफ के तौर पर प्रतिज्ञा कर रखी थी कि वे किसी भी हालत में कभी भी जिंदा अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे और उन्होंने अंतिम सांस तक अपनी इस प्रतिज्ञा का मान रखा। उनके कमांडर-इन-चीफ रहते दिसम्बर, 1928 में सांडर्स वध, अप्रैल, 1929 में सेंट्रल असेंबली बम कांड और दिसम्बर, 1929 में वायसराय लॉर्ड इरविन की ट्रेन पर हमले जैसे क्रांतिकारी एक्शनों को अंजाम दिया गया। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इकलौते ऐसे नायक हैं, जिनके साथ उनकी पिस्तौलों ने भी इतिहास बनाया है। वे आमतौर पर अपने साथ एक माउजर पिस्तौल रखा करते थे, जिसे बेहद प्यार करते और 'बमतुलबुखारा' कहा करते थे। 27 फरवरी, 1931 को वे इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में गोरों की पुलिस से मुठभेड़ में शहीद हुए तो उनके पास माउजर नहीं, बल्कि कोल्ट नामक पिस्तौल थी। लाला लाजपत राय पर लाठियां बरसाने वाले अंग्रेज अधिकारी स्कॉट की हत्या के लिए 17 दिसम्बर, 1928 के जिस क्रांतिकारी एक्शन में उसकी जगह जॉन सांडर्स को मार डाला गया था, उसमें 'आजाद' अपनी माउजर ही साथ ले गये थे। उनके बाद उनकी उस माउजर का क्या हुआ? क्रांतिकारियों की स्मृतियों की रक्षा के उपक्रमों के प्रति समर्पित और उनके आन्दोलन के इतिहास के अप्रतिम अध्येता वरिष्ठ लेखक सुधीर विद्यार्थी बताते हैं कि अरसा पहले उन्होंने इलाहाबाद के कटरा मुहल्ले में 'आजाद' के आखिरी दिन तक उनके साथ रहे गढ़वाल के क्रांतिकारी भवानी सिंह रावत की मदद से जहां-जहां भी उक्त माउजर का सुराग लगने की उम्मीद थी, वहां-वहां की खाक छानी। उसकी बाबत जानकारियां जुटाने में सफल नहीं हो सके। इसलिए 1977 में समाचारपत्रों में इस माउजर के इलाहाबाद के संग्रहालय से चोरी हो जाने की खबर छपी तो मुझे बड़ी हंसी आई। कारण यह कि जो माउजर उक्त संग्रहालय में थी ही नहीं, वह चोरी कैसे हो सकती थी?

वे बताते हैं कि शहादत के वक्त 'आजाद' के पास माउजर के बजाय 'कोल्ट' पिस्तौल थी, क्योंकि माउजर से छोटी होने के कारण वह उन्हें ज्यादा सुविधाजनक लगती थी। प्रसंगवश, इलाहाबाद के अंग्रेज एसएसपी नट बावर की सेवानिवृत्ति के वक्त गोरी सरकार द्वारा आजाद की यह कोल्ट उन्हें उपहार में दे दी गई और वे उसे अपने साथ इंग्लैंड ले गये थे। उनका दावा था कि अल्फ्रेड पार्क में आजाद को पहले उन्हीं की गोली लगी थी। सेवानिवृत्ति के बाद बावर उत्तर प्रदेश शासन के पेंशनर हुआ करते थे

# व्यक्ति को निखारती है आत्म-प्रतिस्पर्धा




संकलित

दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो। विवेकशील या विद्वान व्यक्ति की प्रतिस्पर्धा प्रायः स्वयं से होती है। उसे आत्म-प्रतिस्पर्धा कहा जाता है।

# गुरु ज्ञान से किसी की भी सोच बदल सकती है



संकलित

प्रेरणा

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम के कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुके थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा कि तप में कितना बल है कि एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी ब्रह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### निरर्थक प्रवृत्तियों का त्याग ही सार्थक जीवन का आधार

मनुष्य का जीवन उसके विचारों और प्रवृत्तियों से निर्मित होता है। प्रत्येक व्यक्ति दिनभर अनेक प्रकार के कार्य करता है, अनेक विषयों पर सोचता है और अनेक निर्णय लेता है। इन्हीं प्रवृत्तियों के आधार पर उसके व्यक्तित्व, चरित्र और भविष्य का निर्माण होता है। सामान्यतः मनुष्य की प्रवृत्तियों को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है- सार्थक और निरर्थक। सार्थक प्रवृत्तियां वे हैं जो जीवन को दिशा देती हैं, विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं और स्वयं तथा समाज के कल्याण में सहायक बनती हैं। इसके विपरीत निरर्थक प्रवृत्तियां व्यक्ति का समय, ऊर्जा, धन और मानसिक शक्ति नष्ट करती है तथा धीरे-धीरे उसके जीवन को तनाव, भ्रम और अशांति से भर देती हैं।

*- राकेश गर्ग, यमुनानगर*

## ट्रेंड


### समन्वय समितियां



मानसून के दौरान जल-जमाव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, हमने दिल्ली के सभी 13 जिलों में जिला-स्तरीय समन्वय समितियां बनाई हैं। ये समितियां सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल करेंगी और जल-जमाव की स्थिति आदि में तुरंत कार्रवाई करने का काम भी देखेंगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### दोषियों को बख्शा नहीं जाएग



अनंतनाग में हुए आतंकी हमले के बाद हालात का जायजा लेने के लिए मैंने डीजीपी नलिन प्रभात से बात की। ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इस घिनौने कृत्य के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

-मनोज सिन्हा, उप-राज्यपाल, जम्मू-कश्मीर

### राहुल का व्यवहार निंदनीय



राहुल गांधी का व्यवहार आज पूरी तरह से अशोभनीय और निंदनीय था। विपक्ष के नेता जैसे गरिमापूर्ण पद पर होने के बावजूद, राहुल गांधी इसे गंभीरता से नहीं लेते, यह बात आज उनके व्यवहार से साफ हो गई।

- नितिन नवीन, अध्यक्ष, बीजेपी

### अच्छी शिक्षा देना ज़रूरी




अगर हम अपने देश को विकसित और समृद्ध बनाना चाहते हैं, तो सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देना बहुत जरूरी है। दिल्ली के बाद, अब पंजाब में भी हमने गरीबों के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देना शुरू कर दिया है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# क्यूबा सरकार पर दबाव बढ़ाने अमेरिका ने भेजी खाद्य सामग्री

क्यूबा के लोगों को सीधे सहायता देने और वहां की सरकार पर दबाव बनाए रखने के अमेरिका के प्रयासों के तहत एक मालवाहक विमान खाद्य सामग्री और स्वच्छता किट लेकर मंगलवार को मियामी से क्यूबा के लिए रवाना हुआ। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, विमान में 700 पैकेट भेजे गए हैं। इन्हें क्यूबा सरकार के माध्यम से नहीं, बल्कि वहां के कैथोलिक संगठनों के जरिये सीधे लोगों में वितरित किया जाएगा। अमेरिका ने हाल में क्यूबा को कुल 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता देने की पेशकश की थी, यह खेप उसी में से छह करोड़ डॉलर की पहली किस्त का हिस्सा है।



## ऑफ बीट

# कैंसर के जोखिम का कारण वह नहीं जो आप सोचते हैं

अगर आप लोगों से पूछें कि कैंसर किस वजह से होता है, तो शायद अधिकतर अपने जवाब में धूम्रपान, शराब पीने, सूरज की किरणों और बालों को रंगने वाली डाई जैसी चीजों को गिनाएंगे। लेकिन कैंसर के लिए सबसे प्रमुख जोखिम वाला कारक कुछ और है और वह है उम्र बढ़ना या बुढ़ापा आना (एजिंग)। यह बात सही है, कैंसर से जुड़ा सबसे बड़ा कारक अपरिहार्य है और यह एक ऐसी स्थिति है जिसका हम सभी अनुभव करेंगे। यह क्यों महत्वपूर्ण है? कनाडा और दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती आबादी वृद्ध लोगों की है। 2068 तक, लगभग 29 प्रतिशत कनाडाई 65 वर्ष से अधिक आयु के होंगे।



## संक्षेप

### सपा महिला जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट

**पुलिस ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाने के बाद रोका**

अमेठी ,समाजवादी पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। यह कार्रवाई सपा के प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर की गई पुलिस ने प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही कई सपा पदाधिकारियों को उनके घरों पर रोक दिया। गुंजन सिंह सहित अन्य नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें घर से बाहर निकलने से मना किया और प्रभावी रूप से हाउस अरेस्ट कर दिया।गुंजन सिंह ने सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने के अधिकार का भी हनन किया जा रहा है।उन्होंने केंद्र सरकार की शिक्षा व्यवस्था पर भी निशाना साधा। गुंजन सिंह ने दावा किया कि पिछले नौ वर्षों में 152 बार भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं, जिससे लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। सपा महिला जिलाध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं के साथ अभद्रता की गई और उन पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा लिया जाए और छात्रों से जुड़े मुद्दों पर ठोस कार्रवाई की जाए। गुंजन सिंह ने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ, तो समाजवादी महिला सभा आंदोलन तेज करते हुए धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी।

### 146 लाइनमैनों को मिले सेफ्टी किट

**लगातार हादसों के बाद बिजली विभाग का फैसला, बिना सुरक्षा उपकरण खंभे पर चढ़ने पर रोक**

अमेठी ,बिजली विभाग ने लाइनमैनों की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। हाल के दिनों में फाल्ट ठीक करने के दौरान अचानक बिजली आपूर्ति चालू होने से कई लाइनमैनों की मौत और कई अन्य के घायल होने की घटनाओं के बाद विभाग ने नई सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। अब जिले में कोई भी लाइनमैन बिना सुरक्षा उपकरण पहने खंभे पर चढ़कर काम नहीं करेगा। जिले के 38 पावर हाउस पर तैनात कुल 146 लाइनमैनों को फील्ड में भेजने से पहले पूरा सेफ्टी इक्विपमेंट उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें सेफ्टी हेलमेट, सेफ्टी शूज, इंसुलेटेड दस्ताने समेत अन्य जरूरी सुरक्षा उपकरण शामिल हैं। विभाग का उद्देश्य फाल्ट ठीक करने के दौरान होने वाले हादसों को रोकना और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।बिना सेफ्टी किट काम करने की नहीं होगी अनुमतिअधीक्षण अभियंता अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अब किसी भी लाइनमैन को बिना सुरक्षा किट पहने खंभे पर चढ़कर काम करने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था अचानक विद्युत आपूर्ति शुरू होने जैसी आपात स्थिति में भी कर्मचारियों की जान बचाने में मददगार साबित होगी।लाइन शटडाउन और रेस्क्यू की भी दी जा रही ट्रेनिंगसुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ लाइनमैनों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

# बलहा विधायक के सख्त निर्देश के बाद, बुलडोजर चलाकर खोला गया रास्ता

**धारा-67 के आदेश के बावजूद नहीं हटाया गया था अतिक्रमण**

### तहसीलदार कोर्ट तक पहुंचा था मामला

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मिहींपुरवा, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भगवानपुर कुर्मियाना में वर्षों से सरकारी रास्ते पर किए गए अवैध कब्जे पर आखिरकार प्रशासन का बुलडोजर चल गया।तहसीलदार कोर्ट से लेकर देवीपाटन मंडल के आयुक्त न्यायालय तक बेदखली के आदेश जारी होने के बावजूद कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में नाराजगी थी। मामला बलहा विधायक तक पहुंचने और उनके सख्त निर्देश के बाद प्रशासन हरकत में आया और राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर सरकारी रास्ते को कब्जामुक्त करा दिया।कार्रवाई के दौरान गांव में अफरा-तफरी का माहौल रहा, जबकि लंबे समय से रास्ता बंद होने से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया। लोगों का कहना है कि वर्षों बाद गांव के सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। गांव निवासी सैयद और मुमताज पर सरकारी रास्ते की भूमि पर कच्चे-पक्के मकान बनाकर कब्जा करने का आरोप था।इससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था। गांव के निवासी मुकुल मिश्रा ने मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी से करते हुए सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की थी। जांच के बाद राजस्व विभाग ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-67 के तहत दोनों कब्जाधारकों के विरुद्ध बेदखली का आदेश जारी किया था। इसके बावजूद कथित रूप से कब्जा नहीं हटाया गया। मामला तहसीलदार न्यायालय तक पहुंचा, जहां भी सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए। इसके बाद भी कार्रवाई लंबित रहने से ग्रामीणों ने विधायक से शिकायत की। ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक ने तहसील प्रशासन को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम बुलडोजर और पुलिस बल के साथ गांव पहुंची तथा अवैध निर्माण ध्वस्त कर सरकारी रास्ते की भूमि को कब्जामुक्त करा दिया। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक बृज बहादुर जायसवाल और कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, लेखपाल अभिषेक सोनकर, लाल बहादुर शुक्ला तथा इकबाल हैदर सहित राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।प्रशासन की इस कार्रवाई से जहां ग्रामीणों में सरकारी भूमि की सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है, वहीं अवैध कब्जाधारकों में हड़कंप का माहौल है।

# एसएसबी 42वीं वाहिनी ने वाइब्रेंट विलेज रामपुर में लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

### 186 ग्रामीणों का हुआ उपचार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर




रूपईडीहा, बहराइच। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 42वीं वाहिनी बहराइच द्वारा शनिवार को अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत वाइब्रेंट विलेज रामपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉ. दीपक प्रजापति कांतिलाल के नेतृत्व में किया गया।

चिकित्सा शिविर में रामपुर एवं आसपास के गांवों से पहुंचे ग्रामीणों और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जांच के बाद सभी मरीजों को आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

शिविर के दौरान ग्रामीणों को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वच्छ पेयजल के उपयोग, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही अभिभावकों से बच्चों का समय पर टीकाकरण कराने, साफ-सफाई अपनाने तथा बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की गई।

एसएसबी के अनुसार शिविर में कुल 186 लोगों का उपचार किया गया, जिनमें 83 पुरुष, 71 महिलाएं और 32 बच्चे शामिल रहे। सभी लाभार्थियों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।ग्रामीणों ने एसएसबी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में इस प्रकार के चिकित्सा शिविर लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। एसएसबी द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# संयुक्त कृषि निदेशक ने मिलेट्स स्टोर का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के निकट महाराणा प्रताप चौक पर उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम द्वारा वित्तपोषित मिलेट्स स्टोर का देवीपाटन मण्डल के संयुक्त कृषि निदेशक लोकेन्द्र सिंह ने उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा के साथ निरीक्षण कर स्टोर की संचालक श्रीमती पूनम सिंह से उपलब्ध उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि पिछले मंगलवार को ग्राम बेड़नापुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा मिलेट्स स्टोर को अनुदान के रूप में रू. 20 लाख की धनराशि का डेमो चेक प्रदान किया गया था। उप कृषि निदेशक श्री वर्मा ने बताया कि आमजनमानस तक जनपद के किसानों द्वारा उत्पादित मिलेट्स उत्पादों जैसे चना, ज्वार, बाजरा, कोदो, सांवा, रागी, कुटकी, मक्का, शुद्ध तेल, घी, बेसन, आंटा इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु मिलेट्स स्टोर की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि मिलेट्स स्टोर स्थापित होने से जिले के उपभोक्ताओं को सुगमता के साथ मिलेट्स उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे। श्री वर्मा ने बताया कि मानव स्वास्थ्य के लिए मिलेट्स उत्पाद अत्यन्त उपयोगी हैं।

# जयपुर में सम्मानित हुए पर्यावरणविद रमेश चन्द्रा

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बहराइच में पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रहे रमेश चंद्रा को जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया है।मेहरा कहार कश्यप महासंघ यपुर की ओर से सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बहराइच के पर्यावरणविद रमेश चंद्रा रहे। राजस्थान की राजधानी जयपुर में देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर महासंघ द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रमेश चन्द्रा पर्यावरणविद् को महासंघ के अध्यक्ष राजूलाल मेहरा ने सम्मानित किया।वैवाहिक सम्मेलन में 11 नव वर वधू को मुख्य अतिथि रमेश चन्द्रा ने दो लाख की बीमा पॉलिसी, वर वधू को एक एक नीम का पौधा, घरेलू उपकरण, विवाह प्रमाणपत्र प्रदान कर सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। सम्मेलन में आयोजकों को मेडल, शील्ड,प्रमाण पत्र, पगड़ी एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नव वर वधू अपने परिवेश में पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प लेकर नये जीवन की शुरूआत करें मेहरा महासंघ का सामाजिक सामूहिक विवाह आयोजन सामुदायिक केंद्र, मानसरोवर अरावली मार्ग जयपुर में सम्पन्न हुआ जिससे समाज में दहेज प्रथा की विभीषिका को समाप्त करने की अनूठी पहल है आर्थिक स्थिति से कमजोर माता पिता की बेटी की शादी बिना दहेज के सम्पन्न करवाना अत्यंत पुनीत कार्य है इस महान कार्य के लिए मेहरा कश्यप समाज महासंघ के पदाधिकारी धन्यवाद के पात्र हैं।हम उत्तर प्रदेश में नवंबर 2026 में आपसे प्रेरणा लेकर लखनऊ में सामूहिक विवाह का आयोजन करेंगे जिसमें निर्धन और असहाय परिवार की बेटियों का चयन किया जाएगा।सम्मेलन को सफल बनाने में राम गोपाल सिंह लखनऊ,कमल मेहरा जयपुर, भैरुलाल कश्यप,निधि रावत आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महासंघ द्वारा पर्यावरणविद् रमेश चंद्रा को सम्मानित किए जाने पर उनके शुभचिंतक को ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# मजदूरी के पैसे मांगने पर विवाद, लोहे के राड से प्रहार कर ग्रामीण को किया घायल

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच।बहराइच जिले के वैवाही चौकी क्षेत्र के रामपुर धोबिया हार में मजदूरी के पैसे मांगने पर एक ग्रामीण की पिटाई कर दी गई।इस दौरान बीच-बचाव करने आए उसके बड़े भाई को भी लोहे की रॉड से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने ठेकेदार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है।यह घटना शनिवार शाम करीब 4 बजे राजकीय विद्यालय में हुई। गांव निवासी बनवारी पुत्र अवध राम ने कुछ दिन पहले विद्यालय निर्माण में मजदूरी का काम किया था। शनिवार को वह अपनी मजदूरी के पैसे मांगने विद्यालय पहुंचा था। वहां ठेकेदार के लाए गए लोग जीशान, कामरान (पुत्रगण अहसानउल्लाह), फरहान और फरमान (पुत्रगण इदरीश) तथा एक अन्य व्यक्ति से उसका पैसों को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर उन्होंने बनवारी की पिटाई शुरू कर दी।बनवारी की पिटाई की खबर सुनकर उसके बड़े भाई स्वामी दयाल मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव का प्रयास किया। इस दौरान जीशान और अन्य लोगों ने स्वामी दयाल पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उनके दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं।घटनास्थल पर शोरगुल सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। इसके बाद स्थानीय वैवाही पुलिस चौकी के कर्मियों ने ठेकेदार के पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। उपनिरीक्षक मुकुटनाथ चौधरी ने बताया कि हिरासत में लिए गए पांचों लोगों से पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

# एसडीएम नानपारा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**सभी जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किया जाएः एसडीएम**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा




बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों में जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा थाना नानपारा पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र की जनता की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस अधिकारी को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर शिकायतों का शतप्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसडीएम द्वारा समस्त अधिकारी /कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में आईं सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए तथा शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराएं। इसके अतिरिक्त एसडीएम द्वारा समाधान दिवस में उपस्थित लोगों को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया तथा साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। थाना समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा, राजस्व अधिकारी/कर्मचारीगण व थाना अध्यक्ष नानपारा व अन्य पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहे।

# वारिस पंजाब दे संगठन का तीसरा सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**फर्जी दस्तावेजों के जरिए अमेरिकी नागरिक की घुसपैठ कराने का आरोप**

**नकदी समेत कई दस्तावेज बरामद**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर




रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रूपईडीहा पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन 'वारिस पंजाब दे' के एक और सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। शनिवार को पुलिस ने संगठन से जुड़े तीसरे आरोपी जोगा सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी फर्जी दस्तावेज तैयार कर अमेरिकी नागरिक समेत अन्य लोगों को स्थानीय सहयोगियों की मदद से अवैध रूप से भारत में प्रवेश कराने की साजिश में शामिल था। उसके कब्जे से ?31 हजार नकद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि 23 जुलाई को भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त जांच अभियान के दौरान प्रतिबंधित संगठन 'वारिस पंजाब दे' से जुड़े सक्रिय सदस्य विक्रमजीत सिंह, अमेरिकी नागरिक मनवीर सिंह ढिल्लों तथा तीन स्थानीय सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया था। मामले की गहन जांच और पूछताछ के दौरान जोगा सिंह की भूमिका सामने आई। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सीमांत इंटर कॉलेज मोड़, रूपईडीहा के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा त्रिभुवन गौतम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मूल रूप से नंदपुर सोनावाल, लुधियाना (पंजाब) का निवासी है और वर्तमान में जनपद पीलीभीत में रह रहा था। पुलिस के अनुसार वर्ष 2023 में पंजाब के चर्चित अजनाला कांड के बाद उसने संगठन प्रमुख अमृतपाल सिंह को फरारी के दौरान शरण दी थी। इसी मामले में उसके विरुद्ध पंजाब में आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।इसके अलावा उसने संगठन के सदस्य विक्रमजीत सिंह को नेपाल भेजने में भी सहयोग किया था तथा 23 जुलाई को फर्जी दस्तावेज तैयार कर अमेरिकी नागरिक को बिना वैध वीजा भारत में प्रवेश कराने की योजना में शामिल था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं एवं विदेशी अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# राजकीय विद्यालय रामपुर धोबिया में बाढ़ बचाव चौपाल का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच।बहराइच जिले के शिवपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया स्थित राजकीय विद्यालय में शनिवार शाम लगभग 4:30 बजे बाढ़ बचाव चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में क्षेत्रीय लेखपाल अमरेंद्र कुमार और अन्य राजस्व कर्मियों ने ग्रामीणों को बाढ़ व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव तथा राहत के उपाय बताए। दर्जनों ग्रामीण इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। यह आयोजन नानपारा की उपजिलाधिकारी (एसडीएम) मोनालिसा जौहरी द्वारा जारी विस्तृत रोस्टर का हिस्सा है। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की हैं, ताकि प्रशासन की पहुंच हर संवेदनशील गांव तक सुनिश्चित हो सके।उनके निर्देश पर 23 से 29 जुलाई तक शिवपुर और नानपारा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में क्रमवार बाढ़ चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इन चौपालों में ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों की जानकारी, राहत एवं बचाव व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, संक्रामक रोगों से बचाव, पशुधन की सुरक्षा, विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव, सर्पदंश और बाढ़ के दौरान निकलने वाले वन्य जीवों से सुरक्षित रहने के उपायों के बारे में बताया जा रहा है। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बताया कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसुरक्षा है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बाढ़ संभावित प्रत्येक गांव में समयबद्ध तरीके से चौपाल आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाए, जिससे किसी भी आपदा का प्रभाव कम से कम रहे।उन्होंने जोर दिया कि सतर्कता, पूर्व तैयारी और जनभागीदारी ही बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने का सबसे सशक्त माध्यम है। तहसील प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाढ़ चौपालों का यह अभियान आगामी दिनों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार जारी रहेगा, ताकि प्रत्येक संवेदनशील गांव तक प्रशासन की तैयारियों और जागरूकता अभियान का लाभ पहुंच सके।आज राजकीय विद्यालय रामपुर धोबिया में आयोजित चौपाल में हल्का लेखपाल अमरेंद्र कुमार, अन्य राजस्व कर्मी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रभात कुमार जायसवाल, सुरेश कुमार राजपूत, बनारसी लाल जायसवाल सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**जानलेवा हमले में फरार था, मुंबई जाने से पहले पकड़ा गया**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,पट्टी पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी को थाना क्षेत्र के उडैयाडीह मोड़ बस स्टैंड के पास से पकड़ा गया।पुलिस के अनुसार, यह मामला 25 अप्रैल 2026 का है।रेडीगारापुर गांव निवासी वादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मोहिनी तालाब के पास कुलदीप चौरसिया, विनय चौरसिया, सचिन चौरसिया और संतोष यादव ने योजनाबद्ध तरीके से उस पर चाकू से हमला किया था। बीच-बचाव करने आए विजय यादव और शिवम यादव पर भी चाकू और डंडे से हमला किया गया, जिससे शिवम यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे।घटना के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संतोष यादव (28 वर्ष) के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय छोटेलाल यादव का पुत्र और रेडीगारापुर, थाना पट्टी का निवासी है। पुलिस ने उसे उडैयाडीह मोड़ बस स्टैंड के पास से पकड़ा। पूछताछ में संतोष यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद वह पुलिस से बचने के लिए मुंबई चला गया था और वहीं काम कर रहा था। वह किसी जरूरी काम से घर आया था और दोबारा मुंबई जाने की तैयारी में था, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी संतोष यादव के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में पहले से पांच मुकदमे दर्ज हैं।

# घर में दफन मिली 85 साल के पिता की लाश

**खोपड़ी समेत पूरी बॉडी गल चुकी थी; प्रतापगढ़ में छोटा बेटा लापता**

अमन लेखनी समाचार


जगदीश द्विवेदी, मृतक

प्रतापगढ़ ,85 साल के बुजुर्ग का शव घर के अंदर दफना मिला। घर से तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने यह बात बुजुर्ग के बेटों को फोन पर बताई। इसके बाद दोनों बेटे घर पहुंचे, तो गेट पर ताला लगा था। पिता और छोटा भाई लापता थे।इसके बाद बेटों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस गेट पर लगा ताला तोड़कर घर के अंदर घुसी, तो पीछे वाले कमरे से तेज बदबू आ रही थी।कमरे के अंदर ही एक कब्र बनी थी। पुलिस ने कब्र खोदकर शव बाहर निकाला, तो बेटों ने कहा- ये तो हमारे पिता हैं। शव की खोपड़ी समेत पूरी बॉडी गल चुकी थी। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।मामला महेशगंज थाना क्षेत्र का सुबह 7 बजे का है।

### तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने बेटों को दिल्ली फोन किया

महेशगंज गांव में रहने वाले जगदीश द्विवेदी किसान थे।उनकी पत्नी की मौत कई साल पहले हो गई थी। उनके तीन बेटे हैं- संतोष (40), अजय (38) और विजय (36)। संतोष और अजय दोनों दिल्ली में रहकर काम करते हैं। विजय अपने पिता जगदीश के साथ गांव में ही रहता है।बेटे अजय ने बताया- 21 जुलाई को मेरे पास पड़ोसियों का फोन आया कि आपके घर से बहुत बदबू आ रही है। इसके बाद हम लोगों ने छोटे भाई विजय और पिता जगदीश को फोन किया। लेकिन, दोनों में से किसी का फोन नहीं उठा। लगातार फोन करने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद मैं और संतोष घर आए।

### पुलिस ने कब्र से मिट्टी हटाई, तो एक हाथ बाहर आ गया

घर पर कोई नहीं था, लेकिन अंदर से तेज बदबू आ रही थी।इसके बाद मैं और संतोष थाने गए।

## संक्षेप

### अंकुर हत्याकांड: ग्रामीणों ने एसपी से की शिकायत

#### कार्रवाई न होने पर गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा

बागपत , अंकुर की हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर हंगामा किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मामला दर्ज होने के बावजूद आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। यह मामला बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के लुहारी गांव का है। राममेहर पुत्र वेदराम ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बेटे अंकुर को घर से बुलाकर गांव के ही चार लोगों ने उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। परिजनों का आरोप है कि पुलिस में शिकायत के दूसरे दिन, 20 जुलाई को हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि, इतने दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जबकि पीड़ित परिवार लगातार उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से गुस्साए ग्रामीण गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने पहुंचे। वहां बड़ी संख्या में लोगों ने हंगामा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि मामले की गहन छानबीन की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### भारत एनपीके नाम से उर्वरक बिक्री का विरोध

#### बागपत में भाकियू ने डीएम से निष्पक्ष जांच की मांग की

बागपत , भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने 'भारत एनपीके' नाम से अमोनियम सल्फेट उर्वरक की कथित बिक्री का विरोध किया है। संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि किसानों के हितों की रक्षा की जा सके। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष सहदेव प्रधान के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया कि बाजार में अमोनियम सल्फेट उर्वरक को 'भारत एनपीके' नाम से बेचा जा रहा है, जिससे किसान भ्रमित हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि पैकेजिंग और नामकरण इस प्रकार किया गया है कि वास्तविक उर्वरक की पहचान करना कठिन हो रहा है। संगठन ने दावा किया कि इस तरह की बिक्री उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की भावना के विपरीत है। किसान यूनियन का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो बड़ी संख्या में किसान गलत जानकारी के आधार पर उर्वरक खरीदने को मजबूर होंगे, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान होगा और फसलों की उत्पादकता भी प्रभावित हो सकती है। भाकियू (अराजनीतिक) ने प्रशासन से संबंधित उर्वरक की गुणवत्ता, पैकेजिंग और बिक्री की गहन जांच कराने की मांग की है। यदि किसी स्तर पर अनियमितता या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, ऐसे उत्पादों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाकर किसानों को सही और प्रमाणित उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। किसान नेताओं ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अपराधियों का स्थान जेल अथवा जन्नत - योगी आदित्यनाथ

## जनपद को दी 489 करोड़ की सौगात किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। प्रदेश के तीन जनपदों के कार्यक्रमों में सहभागिता निभाते हुए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फतेहपुर पहुंचे जनपद पहुंचने पर पूर्व से नियोजित कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भव्य स्वागत किया गया पहुंचे मुख्य अतिथि का भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव विधायक विकास गुप्ता जय कुमार सिंह जैकी राजेंद्र पटेल राज्य मंत्री कृष्णा पासवान अजीत सिंह पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय धुन्नीसिंह अयोध्या पाल विक्रम सिंह समेत सभी दिग्गज जन प्रतिनिधियों एवं समर्थकों ने प्रतीक चित्र देकर आभार व्यक्त किया वहीं पहुंची विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद की पूर्व सांसद राष्ट्रीय अध्यक्षा साध्वी निरंजन ज्योति का भी भव्य स्वागत किया गया मंच पर उपस्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गौ माता का प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया एक न्यूनतम समय में सभी जनप्रतिनिधियों ने सरकार की उपलब्धियां बताते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की चचाएंं की वही मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में प्रदेश से गुंडाराज समाप्त करने की बात बताते हुए कहा कि संपूर्ण प्रदेश में फतेहपुर जनपद पूर्व काल में अति पिछड़े जनपद की गिनती में आता था जहां वर्तमान सरकार ने विशेष ध्यान देते हुए जनपद को प्रभावशाली बनाया गुंडाराज को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधिक प्रवृत्ति के लोग सचेत रहें अपराधियों के लिए कारागार के दरवाजे सदैव खुले रहेंगे ऐसे व्यक्तियों के लिए जेल अथवा जन्नत ही उचित है वही पेपर लीक पर विशेष चर्चा करते हुए माफिया लोगों के खिलाफ कार्रवाई कराने का भी आश्वासन दिया जनपद की अयाह शाह विधानसभा समेत सदर विधानसभा में प्रस्तावित125 विकास कार्य परियोजनाओं की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने जनपद के लिए 489 करोड़ की सौगात दी तथा शिलान्यास किया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्रनाथ बाजपेई मनोज शुक्ला रमाकांत त्रिपाठी प्रभुदत्त दीक्षित आशीष मिश्रा दिनेश बाजपेई प्रमोद द्विवेदी मुखलाल पाल समेत भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी तथा जनपद के नागरिक मौजूद रहे

# गर्भवती महिला की हुई मौत मामला संदिग्ध

## गर्भ में पल रहे थे जुड़वा बच्चे मायके पक्ष ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर , जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव निरखी निवासी 25 वर्षीय क्षमा पत्नी सोमराज पाल गर्भवती महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई मौत की सूचना दूसरे लोगों के द्वारा मिलते ही मायके पक्ष के लोग पहुंचे जहां घटना संदिग्ध दिखाई दी पीड़ित पक्ष ने नजदीकी थाना जहानाबाद को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मृतका नजदीकी थाना बकेवर के कश्मीरी गांव की निवासिनी थी जिसका विवाह विगत वर्ष 2023 में सोमराज पाल निवासी निरखी थाना जहानाबाद के साथ हुआ था विवाह के उपरांत भी दहेज के लोभ को लेकर पति समेत ससुर बैजनाथ पाल तथा सास रामकिशोरी आदि लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे इसका विरोध करने पर मृतका के साथ लगातार मारपीट करते रहे वही मानसिक रूप से भी पीड़ित करते रहे कई बार मृतका के भाई रवींद्र पाल इत्यादि लोगों ने जाकर समझाया परंतु ससुराली जनों ने लगातार पीड़ा देना प्रारंभ रखा क्षमा 8 महीने की गर्भवती थी जहां जांच के दौरान पता चला था कि उसके गर्भ में 2 जुड़वा बच्चे पल रहे हैं वही मायके पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि विगत दिवस गुरुवार की रात ससुराली जनों ने महिला के साथ मारपीट किया तथा उसकी हत्या कर दी वहीं मौत हो जाने के बाद मायके पक्ष को सूचना भी नहीं दी गई अन्य लोगों से सूचना पाकर मायका पक्ष पहुंचा थाना प्रभारी योगेश कुमार ने लिखित प्रार्थना पत्र स्वीकृत करते हुए महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं तहरीर के आधार पर जांच प्रारंभ की जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है बाकी पुख्ता जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात ज्ञात होगी जांच संपूर्ण होने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

# खेतों से वापस आ रहे किसान को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर ,जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सरांय धरमपुर निवासी 48 वर्षीय किसान उमाशंकर पुत्र स्वर्गीय रमेशचंद्र उत्तम को विगत दिवस शुक्रवार देर शाम खेत से वापस पैदल लौटते समय एक अज्ञात वाहन ने भीषण टक्कर मार दी टक्कर मारकर अज्ञात वाहन फरार हो गया वही आसपास मौजूद लोगों ने दौड़कर घायल को उठाया तथा परिजनों को सूचना दी सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तथा किसान को जहानाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार हेतु ले गए परंतु चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात घायल को कानपुर भेज दिया परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल किसान को कानपुर इलाज हेतु ले जा रहे थे जहां अस्पताल पहुंचने से पहले ही मध्य रास्ते में किसान ने दम तोड़ दिया यह जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा मध्य रास्ते से मृतक के शव को वापस लेकर परिजन घर पहुंचे नजदीकी थाना जहानाबाद पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई जहां सूचना पर पहुंची कल पुलिस प्रशासन ने सुबह शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की खोजबीन प्रारंभ की

# नाबालिग को लेकर फरार हो गए दो युवक मुकदमा दर्ज

## दूसरे जनपद से रिश्तेदारों के घर छठी कार्यक्रम में सम्मिलित होने आई थी बेटी

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी पीड़ित ने फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले दो युवकों के ऊपर आरोप लगाया पीड़ित ने बताया कि उसकी 13 वर्षीय भतीजी विगत 20 जुलाई को थाना क्षेत्र के बचनीपुर गांव अपने नजदीकी रिश्तेदारों के घर एक छठी कार्यक्रम में सम्मिलित होने आई थी जहां उनके घर मौजूद दो युवक राजा पुत्र अज्ञात निवासी महता का डेरा थाना चांदपुर तथा एक अन्य युवक अरुण कुमार दोनों मिलकर नाबालिक बेटी को गाड़ी नंबर यूप71 ए एक्स 8169 से फरार कर ले गए काफी खोजबीन के पश्चात बेटी नहीं मिली पीड़ित ने बताया कि बेटी 24 जुलाई को सुबह 10:30 से गायब है थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने प्रार्थना पत्र स्वीकृत करते हुए दोनों युवकों के ऊपर बीएनएस की धारा 137(2) का मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की खोजबीन प्रारंभ की

# रिश्तेदारों के घर से दो युवकों ने नाबालिक बेटी को किया फरार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी पीड़ित ने फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले दो युवकों के ऊपर आरोप लगाया पीड़ित ने बताया

कि उसकी 13 वर्षीय भतीजी विगत 20 जुलाई को थाना क्षेत्र के बचनीपुर गांव अपने नजदीकी रिश्तेदारों के घर एक छठी कार्यक्रम में सम्मिलित होने आई थी जहां उनके घर मौजूद दो युवक राजा पुत्र अज्ञात निवासी महता का डेरा थाना चांदपुर तथा एक अन्य युवक अरुण कुमार दोनों मिलकर नाबालिक बेटी को गाड़ी नंबर यूप71 ए एक्स 8169 से फरार कर ले गए काफी खोजबीन के पश्चात बेटी नहीं मिली पीड़ित ने बताया कि बेटी 24 जुलाई को सुबह 10:30 से गायब है थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने प्रार्थना पत्र स्वीकृत करते हुए दोनों युवकों के ऊपर बीएनएस की धारा 137(2) का मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की खोजबीन प्रारंभ की

# संदिग्ध हालत में महिला की हुई मौत गर्भ में पल रहे थे दो नवजात शिशु

## मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए नजदीकी थाने में दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव निरखी निवासी 25 वर्षीय क्षमा पत्नी सोमराज पाल गर्भवती महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई मौत की सूचना दूसरे लोगों के द्वारा मिलते ही मायके पक्ष के लोग पहुंचे जहां घटना संदिग्ध दिखाई दी पीड़ित पक्ष ने नजदीकी थाना जहानाबाद को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मृतका नजदीकी थाना बकेवर के कश्मीरी गांव की निवासिनी थी जिसका विवाह विगत वर्ष 2023 में सोमराज पाल निवासी निरखी थाना जहानाबाद के साथ हुआ था विवाह के उपरांत भी दहेज के लोभ को लेकर पति समेत ससुर बैजनाथ पाल तथा सास रामकिशोरी आदि लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे इसका विरोध करने पर मृतका के साथ लगातार मारपीट करते रहे वही मानसिक रूप से भी पीड़ित करते रहे कई बार मृतका के भाई रवींद्र पाल इत्यादि लोगों ने जाकर समझाया परंतु ससुराली जनों ने लगातार पीड़ा देना प्रारंभ रखा क्षमा 8 महीने की गर्भवती थी जहां जांच के दौरान पता चला था कि उसके गर्भ में 2 जुड़वा बच्चे पल रहे हैं वही मायके पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि विगत दिवस गुरुवार की रात ससुराली जनों ने महिला के साथ मारपीट किया तथा उसकी हत्या कर दी वहीं मौत हो जाने के बाद मायके पक्ष को सूचना भी नहीं दी गई अन्य लोगों से सूचना पाकर मायका पक्ष पहुंचा थाना प्रभारी योगेश कुमार ने लिखित प्रार्थना पत्र स्वीकृत करते हुए महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं तहरीर के आधार पर जांच प्रारंभ की जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है बाकी पुख्ता जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात ज्ञात होगी जांच संपूर्ण होने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

# तेजस्वी सूर्या बोले-छात्रों को राजनीति नहीं, सिस्टम में बदलाव चाहिए

## गाजियाबाद में भाजपा सांसद ने कहा- पेपर लीक पर संसद में चर्चा को सरकार तैयार

अमन लेखनी समाचार



लोनी, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने गाजियाबाद में कहा कि छात्र राजनीति नहीं, बल्कि परीक्षा प्रणाली में सुधार चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक चाहे किसी भी राज्य या केंद्र की परीक्षा में हो, इसे रोकने के लिए मजबूत व्यवस्था बननी चाहिए और भाजपा इस मुद्दे पर संसद में चर्चा के लिए तैयार है। एक निजी कॉलेज में कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की बात कही है। इसे परीक्षा प्रणाली में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### तेजस्वी बोले- पेपर लीक पूरे देश की समस्या

तेजस्वी सूर्या ने कहा कि वह कर्नाटक से आते हैं, जहां पिछले तीन वर्षों में चार परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक किसी एक राज्य का नहीं, बल्कि पूरे देश का मुद्दा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह पहले राजस्थान में भी पेपर लीक के विरोध में आंदोलन में शामिल हो चुके हैं।

### छात्रों को चाहिए जवाब, राजनीति नहीं

उन्होंने कहा कि छात्र चाहते हैं कि भविष्य में पेपर लीक की घटनाएं दोबारा न हों। उनकी मांग है कि परीक्षा प्रणाली पारदर्शी और भरोसेमंद बने। छात्रों को इस मुद्दे पर जवाब चाहिए, राजनीति नहीं। भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा संसद में इस विषय पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा से बच रहा है। उनके मुताबिक सरकार समाधान चाहती है, जबकि विपक्ष इस मुद्दे को लंबा खींचना चाहता है।

### छात्रों से संवाद को तैयार है भाजपा

तेजस्वी सूर्या ने कहा कि भाजपा पहले भी स्पष्ट कर चुकी है कि वह छात्रों से बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भी छात्रों को बुलाकर उनकी बात सुनी थी। उनके अनुसार यह किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि देश के करोड़ों छात्रों के भविष्य से जुड़ा विषय है और इसका स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए।

# दवा व्यापारियों से जीएसटी विभाग का संवाद

## गोदाम पंजीकरण और बीमा में प्रतिनिधि को शामिल करने की उठी मांग

अमन लेखनी समाचार





मेरठ ,जीएसटी विभाग ने गुरुवार को खैरनगर के दवा व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर उनकी समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में जॉइंट कमिश्नर राज्यकर संजय कुमार सिंह ने कहा कि शासन के निर्देश पर विभाग के अधिकारी विभिन्न व्यापारिक संगठनों के बीच जाकर संवाद कर रहे हैं, ताकि व्यापारियों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा सके। जॉइंट कमिश्नर संजय कुमार सिंह ने बताया कि इससे पहले भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं और अब फिर से अलग-अलग व्यापारिक वर्गों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं जानी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दवा व्यापारियों की ओर से कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आई, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। व्यापारियों ने मांग रखी कि शहर के बीच स्थित छोटी दुकानों के कारण उनके गोदाम अलग स्थानों पर हैं। ऐसे में गोदामों को जीएसटी पंजीकरण में स्पष्ट रूप से दर्ज करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। इसके अलावा जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के लिए लागू दुर्घटना बीमा योजना में अधिकृत (कॉम्पिटेंट) प्रतिनिधि को भी शामिल करने की मांग की गई। अधिकारियों ने बताया कि व्यापारियों के सुझाव लिखित रूप में प्राप्त होने के बाद शासन को भेजे जाएंगे। वहीं, होलसेल एवं रिटेल कैमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री घनश्याम मित्तल ने कहा कि संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों और विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने दो प्रमुख मांगें विभाग के समक्ष रखीं। पहली, दुर्घटना बीमा योजना का लाभ अधिकृत प्रतिनिधि को भी मिले। दूसरी, जीएसटी मामलों में चार-पांच साल बाद नोटिस भेजने की बजाय समय पर कार्रवाई की जाए, ताकि छोटी त्रुटियों पर वर्षों बाद ब्याज और पेनाल्टी का बोझ व्यापारियों पर न पड़े। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों और दवा व्यापारियों ने नियमित संवाद बनाए रखने तथा समस्याओं के त्वरित समाधान पर भी जोर दिया।

# शराब पीने के विवाद में रिक्शा चालक की मौत

## नोएडा में धक्का लगने से सिर पर पत्थर गिरा, हत्या का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-126 थाना क्षेत्र स्थित शाहपुर गांव में शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक साथी मजदूर ने धक्का दिया, जिससे वह पत्थर पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में मृतक के परिजनों की शिकायत पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। रिक्शे को लेकर हुआ विवाद थाना प्रभारी निरीक्षक सोमनेश कुमार सिंह ने बताया कि शिशुपाल (35) पुत्र मक्खन सेक्टर-87 फेज-2 में किराये पर रहकर मजदूरी करता था। बुधवार रात वह अपने गांव के साथी टीटू पुत्र परशुराम और अन्य मजदूरों के साथ शाहपुर गांव में शराब पी रहा था। इसी दौरान रिक्शे को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जो मारपीट में बदल गई। धक्का लगने से सिर में आई चोटपुलिस के अनुसार, नशे की हालत में टीटू ने शिशुपाल को धक्का दे दिया। धक्का लगने से वह पास में पड़े पत्थर पर गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोट लग गई।

# छात्रों पर लाठीचार्ज, निष्पक्ष जांच की मांग

## करप्शन फ्री इंडिया ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्र-छात्राओं पर हुए पुलिस बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच की मांग की है। संगठन ने इस संबंध में देश की राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भिजवाने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस ने सुबह ही संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान को हाउस अरेस्ट कर लिया। इसके बाद दोपहर को यह ज्ञापन चौधरी प्रवीण भारतीय के आवास जेपी अमन सोसायटी पहुंच कर नॉलेज पार्क कोतवाल विनोद कुमार को सौंपा गया। संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के लोकतांत्रिक आंदोलन में पुलिस द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग की निष्पक्ष, स्वतंत्र और समयबद्ध जांच की मांग की। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि लाठीचार्ज प्रकरण में जो भी अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाता है, उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। चौधरी प्रवीण भारतीय ने जोर देकर कहा कि छात्र किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी और भविष्य होते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान संवाद, संवेदनशीलता और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि शिक्षा का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार भारतीय संविधान की मूल भावना का हिस्सा हैं। उन्होंने पुलिस द्वारा की गई हाउस अरेस्ट की भी निंदा की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की आजीविका और कृषि व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी समझौते पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए।

# ग्रेटर नोएडा में दो बदमाश गिरफ्तार

## बाइक से मोबाइल लूटकर भाग जाते थे, 25 फोन बरामद

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने सुबह करीब 8 बजे मोबाइल फोन स्नैचिंग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों के 25 छीने गए मोबाइल फोन, फर्जी नंबर प्लेट लगी एक अपाचे मोटरसाइकिल और एक अवैध तमंचा बरामद किया है। गुरुवार सुबह पुलिस ने दोनों आरोपियों को ग्राम गुर्जरपुर रेलवे अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। उनकी पहचान रबूपुरा के तीर्थली गांव निवासी फैजान पठान और बुलंदशहर के ककोड़ निवासी फरमान के रूप में हुई है।

सीसीटीवी फुटेज से मिली सफलता थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि नॉलेज पार्क क्षेत्र में पिछले कुछ समय से मोबाइल स्नैचिंग की लगातार घटनाएं हो रही थीं। वारदातों को अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाश अंजाम दे रहे थे। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में संदिग्ध अपाचे बाइक पर सवार दोनों युवक दिखाई दिए।

खास समाचार

## खेतों से वापस आ रहे किसान को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर,जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सरांय धरमपुर निवासी 48 वर्षीय किसान उमाशंकर पुत्र स्वर्गीय रमेशचंद्र उत्तम को विगत दिवस शुक्रवार देर शाम खेत से वापस पैदल लौटते समय एक अज्ञात वाहन ने भीषण टक्कर मार दी टक्कर मारकर अज्ञात वाहन फरार हो गया वही आसपास मौजूद लोगों ने दौड़कर घायल को उठाया तथा परिजनों को सूचना दी सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तथा किसान को जहानाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार हेतु ले गए परंतु चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात घायल को कानपुर भेज दिया परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल किसान को कानपुर इलाज हेतु ले जा रहे थे जहां अस्पताल पहुंचने से पहले ही मध्य रास्ते में किसान ने दम तोड़ दिया यह जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा मध्य रास्ते से मृतक के शव को वापस लेकर परिजन घर पहुंचे नजदीकी थाना जहानाबाद पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई जहां सूचना पर पहुंची कल पुलिस प्रशासन ने सुबह शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की खोजबीन प्रारंभ की

## रिश्तेदारों के घर से दो युवकों ने नाबालिक बेटी को किया फरार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी पीड़ित ने फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले दो युवकों के ऊपर आरोप लगाया पीड़ित ने बताया कि उसकी 13 वर्षीय भतीजी विगत 20 जुलाई को थाना क्षेत्र के बचनीपुर गांव अपने नजदीकी रिश्तेदारों के घर एक छठी कार्यक्रम में सम्मिलित होने आई थी जहां उनके घर मौजूद दो युवक राजा पुत्र अज्ञात निवासी महता का डेरा थाना चांदपुर तथा एक अन्य युवक अरुण कुमार दोनों मिलकर नाबालिक बेटी को गाड़ी नंबर यूप71 ए एक्स 8169 से फरार कर ले गए काफी खोजबीन के पश्चात बेटी नहीं मिली पीड़ित ने बताया कि बेटी 24 जुलाई को सुबह 10:30 से गायब है थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने प्रार्थना पत्र स्वीकृत करते हुए दोनों युवकों के ऊपर बीएनएस की धारा 137(2) का मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की खोजबीन प्रारंभ की

## नाबालिग को लेकर फरार हो गए दो युवक, मुकदमा दर्ज

### दूसरे जनपद से रिश्तेदारों के घर छठी कार्यक्रम में सम्मिलित होने आई थी बेटी

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी पीड़ित ने फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले दो युवकों के ऊपर आरोप लगाया पीड़ित ने बताया कि उसकी 13 वर्षीय भतीजी विगत 20 जुलाई को थाना क्षेत्र के बचनीपुर गांव अपने नजदीकी रिश्तेदारों के घर एक छठी कार्यक्रम में सम्मिलित होने आई थी जहां उनके घर मौजूद दो युवक राजा पुत्र अज्ञात निवासी महता का डेरा थाना चांदपुर तथा एक अन्य युवक अरुण कुमार दोनों मिलकर नाबालिक बेटी को गाड़ी नंबर यूप71 ए एक्स 8169 से फरार कर ले गए काफी खोजबीन के पश्चात बेटी नहीं मिली पीड़ित ने बताया कि बेटी 24 जुलाई को सुबह 10:30 से गायब है थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने प्रार्थना पत्र स्वीकृत करते हुए दोनों युवकों के ऊपर बीएनएस की धारा 137(2) का मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की खोजबीन प्रारंभ की

## बहन की तलाश में ओयो होटल पहुंचे परिजन, पुलिस की छापेमारी में एंट्री रजिस्टर में मिलीं गंभीर अनियमितताएं

हरदोई। शहर कोतवाली क्षेत्र में एक युवती के अचानक घर से लापता होने की आशंका के बाद उसके भाई और बहन ने बावन रोड स्थित एसआर होटल पहुंचकर उसकी तलाश की। होटल कर्मचारियों द्वारा सहयोग न किए जाने का आरोप लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और होटल में जांच अभियान चलाया। पुलिस ने होटल का एंट्री रजिस्टर जांचा तो कई कमरों में ठहरे लोगों का विवरण दर्ज नहीं मिला। इसके बाद महिला पुलिसकर्मियों और परिजनों की मौजूदगी में होटल के कमरों की तलाशी ली गई। जांच के दौरान कई जोड़े होटल में मिले, लेकिन जिस युवती की तलाश की जा रही थी, वह वहां नहीं मिली। पुलिस ने ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर होटल का एंट्री रजिस्टर कब्जे में ले लिया है। अधिकारियों का कहना है कि होटल के रिकॉर्ड, ठहरने वालों की एंट्री और अन्य गतिविधियों की गहन जांच की जा रही है। जांच में यदि नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित होटल संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूल के खेल मैदान पर अवैध कब्जे का आरोप, जिलाधिकारी से जांच और एफआईआर की मांग

माधौगंज (हरदोई)। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंदौली निवासी सुनीता यादव ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान के रूप में दर्ज सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाई है। प्रार्थना पत्र के अनुसार राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 413 प्राथमिक विद्यालय चंदौली के खेल मैदान के रूप में दर्ज है, लेकिन कुछ लोगों ने उस भूमि पर पक्के मकान बनाकर कब्जा कर लिया है। आरोप है कि पूर्व प्रधान सहित कुछ अन्य लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कराया गया है। सुनीता यादव का कहना है कि उनका कच्चा मकान गाटा संख्या 413 के समीप था, जो पिछले वर्ष बारिश में गिर गया था। वह अपनी भूमि गाटा संख्या 414 में मकान बनवाना चाहती थीं, लेकिन कथित रूप से अधिकारियों को भ्रमित कर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया। उन्होंने दावा किया कि उनके पास अपनी भूमि के पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं। पीड़िता ने जिलाधिकारी से सरकारी भूमि पर हुए कथित अवैध कब्जों की जांच कराकर उन्हें हटाने तथा दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

## डेढ़ माह बाद भी नहीं खुला तीन लाख की नकदी लूट का राज, तहसील परिसर से बैग ले उड़े बदमाश; पुलिस की जांच पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर स्थित तहसील परिसर में स्टांप विक्रेता के साथ हुई करीब तीन लाख रुपये की नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरे बैग की चोरी का मामला डेढ़ माह बाद भी अनसुलझा है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने के बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित अक्षत मिश्रा, निवासी मोहल्ला पठकाना, तहसील परिसर में स्टांप विक्रेता हैं। उनके अनुसार घटना मंगलवार की शाम लगभग 5:55 बजे की है, जब वह अपना लैपटॉप बंद कर रहे थे। उसी दौरान तख्त पर रखा नकदी, आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग एक युवक उठाकर भाग गया। शोर मचाने पर पता चला कि उसका साथी पहले से बाइक लेकर खड़ा था और दोनों फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्धों के चेहरे भी कैद बताए गए, लेकिन इसके बावजूद पुलिस अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी।

## समाधान दिवस में राजस्व मामलों की भरमार, एसडीएम ने मौके पर जांच कर समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी बिलग्राम एन. राम एवं क्षेत्राधिकारी राम सूरत सोनकर ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। मनसाखेड़ा निवासी रामकिशोर, चदीपुर निवासी नरेंद्र कुमार, बढ़नवा निवासी अरविंद कुमार, मझरिया निवासी अहिबरन तथा पड़रा लखनपुर निवासी हरिश्चंद्र ने राजस्व संबंधी शिकायतें प्रस्तुत कीं। एसडीएम ने संबंधित हल्का लेखपालों को मौके पर जाकर जांच करने और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रामदुलारी ने खतौनी और आधार कार्ड में नाम अलग-अलग दर्ज होने की शिकायत की

## उपजिलाधिकारी आवास में निकला चार फीट लंबा कोबरा




### वन विभाग की टीम ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव

गरौठा (झांसी)। तहसील गरौठा स्थित उपजिलाधिकारी सुनील कुमार के सरकारी आवास में शनिवार दोपहर करीब 3 बजे एक जहरीला सर्प दिखाई देने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन क्षेत्राधिकारी जगदंबा पाठक के निर्देशन में सर्प मित्र मयंक ठाकुर अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और सावधानीपूर्वक सर्प का सफल रेस्क्यू किया। इसके बाद सर्प को सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। सर्प मित्र मयंक ठाकुर ने बताया कि पकड़ा गया सर्प कोबरा प्रजाति का था, जो अत्यधिक विषैला और खतरनाक होता है। इसकी लंबाई लगभग चार फीट थी। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि सर्प दिखाई देने पर घबराएं नहीं और स्वयं पकड़ने का प्रयास करने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना दें।

## सोनभद्र में नीति तारा पर अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत नीति आयोग द्वारा विकसित नीति तारा (विश्लेषण, समीक्षा एवं कार्यवाही टूलकिट) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विकास भवन, सोनभद्र में जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों का क्षमता निर्माण एवं उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को आंकड़ा- आधारित निर्णय प्रणाली, विभिन्न शासकीय पोर्टलों तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विश्लेषणात्मक उपकरणों के उपयोग से परिचित कराना था। नीति आयोग की ओर से एडसिल इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह ने अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने नीति तारा की कार्यप्रणाली, वास्तविक समय के डैशबोर्ड, भू-स्थानिक मानचित्रण, विभिन्न विभागीय पोर्टलों के समेकित उपयोग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित आंकड़ा विश्लेषण की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि विभिन्न विभागों से प्राप्त आंकड़ों का समेकित विश्लेषण कर योजनाओं की प्रगति की प्रभावी समीक्षा, कमियों की पहचान तथा साक्ष्य-आधारित निर्णय लेकर विकास कार्यों को अधिक परिणामोन्मुख बनाया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी वीरेन्द्र कुमार, उपायुक्त मनरेगा रविंद्र वीर, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सन्तपाल वर्मा, राजेश कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रवींद्र पटेल, अपर सांख्यिकीय अधिकारी डॉ. के.एन. उपाध्याय, डॉ. जय सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. मिश्रा, खंड विकास अधिकारी चतरा, विकासखंड चतरा के अन्य अधिकारीगण तथा शिक्षा विभाग से डॉ. सूर्य प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में बताया गया कि नीति तारा एक समेकित डिजिटल प्रणाली है, जो आंकड़ों, विश्लेषण तथा दृश्य प्रस्तुतीकरण को एक मंच पर उपलब्ध कराकर जिला एवं विकासखंड स्तर पर योजनाओं की निगरानी, समीक्षा तथा साक्ष्य- आधारित निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाती है। यह पहल आकांक्षी जिलों एवं विकासखंडों में सुशासन को सुदृढ़ करने तथा विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## संदिग्ध हालत में महिला की हुई मौत गर्भ में पल रहे थे दो नवजात शिशु

### मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए नजदीकी थाने में दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव निरखी निवासी 25 वर्षीय क्षमा पत्नी सोमराज पाल गर्भवती महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई मौत की सूचना दूसरे लोगों के द्वारा मिलते ही मायके पक्ष के लोग पहुंचे जहां घटना संदिग्ध दिखाई दी पीड़ित पक्ष ने नजदीकी थाना जहानाबाद को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मृतका नजदीकी थाना बकेवर के कश्मीरी गांव की निवासिनी थी जिसका विवाह विगत वर्ष 2023 में सोमराज पाल निवासी निरखी थाना जहानाबाद के साथ हुआ था विवाह के उपरांत भी दहेज के लोभ को लेकर पति समेत ससुर बैजनाथ पाल तथा सास रामकिशोरी आदि लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे इसका विरोध करने पर मृतका के साथ लगातार मारपीट करते रहे वही मानसिक रूप से भी पीड़ित करते रहे कई बार मृतका के भाई रवींद्र पाल इत्यादि लोगों ने जाकर समझाया परंतु ससुराली जनों ने लगातार पीड़ा देना प्रारंभ रखा क्षमा 8 महीने की गर्भवती थी जहां जांच के दौरान पता चला था कि उसके गर्भ में 2 जुड़वा बच्चे पल रहे हैं वही मायके पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि विगत दिवस गुरुवार की रात ससुराली जनों ने महिला के साथ मारपीट किया तथा उसकी हत्या कर दी वहीं मौत हो जाने के बाद मायके पक्ष को सूचना भी नहीं दी गई अन्य लोगों से सूचना पाकर मायका पक्ष पहुंचा थाना प्रभारी योगेश कुमार ने लिखित प्रार्थना पत्र स्वीकृत करते हुए महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं तहरीर के आधार पर जांच प्रारंभ की जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है बाकी पुख्ता जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात ज्ञात होगी जांच संपूर्ण होने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

## लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ फामेर्सी में प्रथम बैच को भावभीनी विदाई, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजी शाम

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ फामेर्सी, माधौगंज में प्रथम बैच के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में शनिवार को भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक प्रतियोगिताओं और सम्मान समारोह के माध्यम से वरिष्ठ विद्यार्थियों को यादगार विदाई दी गई। समारोह का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक डॉ. गरिमा सिंह, निदेशक डॉ. विजेन्द्र सिंह, मुख्य निरीक्षक संजय प्रताप तथा लखनऊ पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। कार्यक्रम में कनिष्ठ विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। वरिष्ठ विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनके आधार पर मिस्टर फेयरवेल, मिस फेयरवेल सहित अन्य सम्मान प्रदान किए गए।

## गर्भवती महिला की हुई मौत, मामला संदिग्ध

### गर्भ में पल रहे थे जुड़वा बच्चे मायके पक्ष ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर, जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव निरखी निवासी 25 वर्षीय क्षमा पत्नी सोमराज पाल गर्भवती महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई मौत की सूचना दूसरे लोगों के द्वारा मिलते ही मायके पक्ष के लोग पहुंचे जहां घटना संदिग्ध दिखाई दी पीड़ित पक्ष ने नजदीकी थाना जहानाबाद को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मृतका नजदीकी थाना बकेवर के कश्मीरी गांव की निवासिनी थी जिसका विवाह विगत वर्ष 2023 में सोमराज पाल निवासी निरखी थाना जहानाबाद के साथ हुआ था विवाह के उपरांत भी दहेज के लोभ को लेकर पति समेत ससुर बैजनाथ पाल तथा सास रामकिशोरी आदि लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे इसका विरोध करने पर मृतका के साथ लगातार मारपीट करते रहे वही मानसिक रूप से भी पीड़ित करते रहे कई बार मृतका के भाई रवींद्र पाल इत्यादि लोगों ने जाकर समझाया परंतु ससुराली जनों ने लगातार पीड़ा देना प्रारंभ रखा क्षमा 8 महीने की गर्भवती थी जहां जांच के दौरान पता चला था कि उसके गर्भ में 2 जुड़वा बच्चे पल रहे हैं वही मायके पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि विगत दिवस गुरुवार की रात ससुराली जनों ने महिला के साथ मारपीट किया तथा उसकी हत्या कर दी वहीं मौत हो जाने के बाद मायके पक्ष को सूचना भी नहीं दी गई अन्य लोगों से सूचना पाकर मायका पक्ष पहुंचा थाना प्रभारी योगेश कुमार ने लिखित प्रार्थना पत्र स्वीकृत करते हुए महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं तहरीर के आधार पर जांच प्रारंभ की जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है बाकी पुख्ता जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात ज्ञात होगी जांच संपूर्ण होने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

## अपराधियों का स्थान जेल अथवा जन्नत - योगी आदित्यनाथ

### जनपद को दी 489 करोड़ की सौगात किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। प्रदेश के तीन जनपदों के कार्यक्रमों में सहभागिता निभाते हुए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फतेहपुर पहुंचे जनपद पहुंचने पर पूर्व से नियोजित कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भव्य स्वागत किया गया पहुंचे मुख्य अतिथि का भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव विधायक विकास गुप्ता जय कुमार सिंह जैकी राजेंद्र पटेल राज्य मंत्री कृष्णा पासवान अजीत सिंह पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय धुन्नीसिंह अयोध्या पाल विक्रम सिंह समेत सभी दिग्गज जन प्रतिनिधियों एवं समर्थकों ने प्रतीक चित्र देकर आभार व्यक्त किया वहीं पहुंची विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद की पूर्व सांसद राष्ट्रीय अध्यक्षा साध्वी निरंजन ज्योति का भी भव्य स्वागत किया गया मंच पर उपस्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गौ माता का प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया एक न्यूनतम समय में सभी जनप्रतिनिधियों ने सरकार की उपलब्धियां बताते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की चर्चाएं की वही मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में प्रदेश से गुंडाराज समाप्त करने की बात बताते हुए कहा कि संपूर्ण प्रदेश में फतेहपुर जनपद पूर्व काल में अति पिछड़े जनपद की गिनती में आता था जहां वर्तमान सरकार ने विशेष ध्यान देते हुए जनपद को प्रभावशाली बनाया गुंडाराज को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधिक प्रवृत्ति के लोग सचेत रहें अपराधियों के लिए कारागार के दरवाजे सदैव खुले रहेंगे ऐसे व्यक्तियों के लिए जेल अथवा जन्नत ही उचित है वही पेपर लीक पर विशेष चर्चा करते हुए माफिया लोगों के खिलाफ कार्रवाई कराने का भी आश्वासन दिया जनपद की अयाह शाह विधानसभा समेत सदर विधानसभा में प्रस्तावित125 विकास कार्य परियोजनाओं की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने जनपद के लिए 489 करोड़ की सौगात दी तथा शिलान्यास किया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्रनाथ बाजपेई मनोज शुक्ला रमाकांत त्रिपाठी प्रभुदत्त दीक्षित आशीष मिश्रा दिनेश बाजपेई प्रमोद द्विवेदी मुखलाल पाल समेत भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी तथा जनपद के नागरिक मौजूद रहे

## CEIR पोर्टल के माध्यम से मोबाइल बरामदगी में सोनभद्र पुलिस की बड़ी उपलब्धि, जून-2026 में 64.55% सफलता दर के साथ प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त

- लगातार तीसरे माह प्रदेश के शीर्ष जनपदों में शामिल अप्रैल एवं मई– 2026 में प्राप्त किया था द्वितीय स्थान
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित
- अप्रैल, मई एवं जून–2026 में कुल 750 खोए/गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर वास्तविक स्वामियों को लौटाए गए।




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आमजन की सेवा, आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग एवं त्वरित पुलिस कार्रवाई के क्षेत्र में जनपद सोनभद्र पुलिस ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रूणवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत CEIR पोर्टल के माध्यम से खोए एवं गुम हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी में जनपद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह जून-2026 में 64.55 प्रतिशत सफलता दर के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि जनपद सोनभद्र ने इससे पूर्व माह अप्रैल एवं मई-2026 में भी पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर लगातार तीन माह तक प्रदेश के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जनपदों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। यह सफलता जनपद पुलिस की तकनीकी दक्षता, प्रभावी समन्वय, सतत मॉनिटरिंग एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। जनपद पुलिस की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मोबाइल बरामदगी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निम्नलिखित 14 पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया–

1. हे0का0 आनन्द मोहन बिन्द
2. म0का0 सन्ध्या पाण्डेय
3. का0 रोहित यादव
4. का0 अखिलेश कुमार
5. कम्प्यूटर ऑपरेटर जय प्रकाश
6. का0 अमृतांशु
7. का0 शिवपूजन यादव
8. का0 प्रदीप कुमार वर्मा
9. का0 संतोष कुमार
10. का0 पंकज पाल
11. का0 सूर्या सिंह
12. का0 अनिल कुमार मौर्या
13. का0 अभिषेक शुक्ला
14. म0का0 शैल्जा सिंह

सर्विलांस सेल, एसओजी टीम एवं जनपद के समस्त थानों की संयुक्त टीमों द्वारा उएकफ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का तकनीकी विश्लेषण एवं निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए माह अप्रैल, मई एवं जून-2026 के दौरान कुल 750 खोए/गुम हुए मोबाइल फोन सफलतापूर्वक ट्रेस कर बरामद किए गए, जिन्हें विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल वापस प्राप्त करने पर नागरिकों ने सोनभद्र पुलिस के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## हिंडालको रेनुसागर अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए सदैव प्रतिबद्ध है-आर पी सिंह

### हिंडालको रेनूसागर का 'स्नेह मिलन' कार्यक्रम संपन्न, ग्रामीण विकास की नई रूपरेखा पर हुआ मंथन।

अमन लेखनी समाचार

अनपरा सोनभद्र। हिंडालको रेनूपावर डिवीजन, रेनूसागर के ग्रामीण विकास विभाग तत्वावधान में अतिथि गृह में 'स्नेह मिलन' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर ग्रामीण विकास, सामाजिक सहभागिता एवं सीएसआर गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिट हेड आर.पी. सिंह ने स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार. कृषि, कौशल विकास एवं आजीविका संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हिंडालको रेनुसागर अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कंपनी सीएसआर के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए हरसंभव प्रयास करती रहेगी। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधुनिक कृषि और स्वरोजगार के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। इससे पूर्व मानव संसाधन प्रमुख आशीष पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आपसी सहयोग, भाईचारा एवं समन्वय की भावना से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कंपनी और ग्रामीणों के बीच मजबूत संवाद विकास की नई संभावनाओं को जन्म देगा। सीएसआर प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा अनपरा नगर पंचायत अध्यक्ष विश्राम प्रसाद बैसवार, ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को शॉल, नारियल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेंटेनेंस हेड जगदीश पात्रा, संचालन विभाग के हेड मनीष जैन, ईआर हेड मृदुल भारद्वाज, सुरक्षा प्रभारी लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेश नारायणनन, चिकित्सा प्रभारी डॉ. मुकुल बृंदा,अनिल शर्मा, देवेन्द्र त्रिपाठी, सदानन्द पाण्डेय सहित कंपनी के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनपरा नगर पंचायत अध्यक्ष विश्राम प्रसाद बैसवार सहित परासी, गरबंधा, बिछरी, बॉसी, कुलडोमरी, मकरा, रणहोर आदि ग्रामों के प्रधानों एवं गणमान्य नागरिकों ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित जनहितकारी एवं विकासोन्मुखी कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की तथा अपने ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिये सुझाव दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर विभाग के अधिकारी शिवम पाठक, राजनाथ यादव,एवं सुनीता शर्मा ,आराधना का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# किंग की रिलीज अफवाहों पर विराम 24 दिसंबर को होगा बड़ा धमाका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म 'किंग' को लेकर चल रही रिलीज टलने की खबरों पर अब पूरी तरह विराम लगता नजर आ रहा है। कुछ समय पहले रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि शाहरुख खान की चोट और दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी के चलते फिल्म की शूटिंग प्रभावित हो सकती है और यह क्रिसमस 2026 रिलीज के लिए समय पर तैयार नहीं हो पाएगी। मेकर्स फिल्म को तय समय पर रिलीज करने की तैयारी में जुटे हुए हैं और खबर है कि यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार रहेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का ज्यादातर काम पूरा हो चुका है और अब सिर्फ एक आखिरी इंटरनेशनल शेड्यूल बाकी बताया जा रहा है। मेकर्स फिलहाल इस अंतिम शूटिंग शेड्यूल के लिए लोकेशन को फाइनल करने में लगे हुए हैं।

## लाइफ Style

# राखी
## स्वीटी के बाद अब बनीं चुड़ैल

एजेंसी ⏭ मुंबई



कई कलाकारों का कहना है कि कॉमेडी करना काफी मुश्किल काम है। हालांकि, हम पांच और देख भाई देख धारावाहिकों की अभिनेत्री राखी विजन अपने लिए कॉमेडी ही सबसे सहज मानती हैं। राखी इन दिनों सोनी सब पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक 'चुड़ैल चली ससुराल' में कामिनी की भूमिका निभा रही हैं। अपने धारावाहिक और पात्र के बारे में राखी कहती हैं, इसमें मैं सीबीआई यानी कि चुड़ैल ब्लड ऑफ इंडिया की अध्यक्ष हूं।

मैंने बचपन में एक भोली भाली, मासूम लड़की स्वीटी की भूमिका निभाई थी। तब लोगों ने कहा था कि वाह क्या कमाल का काम किया है, तुम्हारे लिए तो यह एकदम परफेक्ट रोल है। अब उम्र के आधे पड़ाव पर चुड़ैल की भूमिका निभा रही हूं तो अब भी लोग कह रहे हैं कि कमाल का काम है, यह रोल तुम्हारे लिए परफेक्ट है। हमारा शो पूरी तरह हॉरर नहीं है, बल्कि इसमें कॉमेडी के साथ थोड़ा हॉरर है। अब अदृश्य शक्तियों में पूरी दुनिया विश्वास कर रही है तो मैं क्यों न रखूं। मेरा मानना है कि यह सब चीजें कहीं न कहीं होती हैं, तभी तो लोग ऐसी कहानियां बनाते हैं और दर्शक इन पर विश्वास भी करते हैं। व्यावहारिक तौर पर तो मैं स्वयं इन चीजों पर विश्वास नहीं करना चाहती हूं, लेकिन फिर वक्त आने पर इन पर भरोसा भी करने लगती हूं। टीवी हो या फिल्में लगातार कॉमेडी भूमिकाएं कर रहीं राखी का कहना है, 'मैं तो बचपन से कॉमेडी ही करती आ रही हूं। मेरे लिए रोना बहुत मुश्किल है। जब मैं रोती हूं तो मुझे देखकर निर्देशक बोलते हैं, चल झूठी। कितना बकवास कर रही है, तुम्हारी एक्टिंग दिख रही है, जबकि मेरे लिए कॉमेडी बहुत आसान है। मुझसे आसानी से रोया नहीं जाता है। इसके साथ ही मुझसे गरीब अबला नारी वाले रोल भी नहीं हो पाते हैं। मेरे पास ऐसे ऑफर ज्यादा आते भी नहीं हैं।'

## हॉलीवुड मसाला




# कॉमिक कॉन में एबेनेजर का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप सिनेमा हॉल में अपनी धमाकेदार एंट्री के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म एबेनेजर का ट्रेलर मेकर्स द्वारा जारी कर दिया गया है। हाल ही में सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में यह खबर जॉनी ने खुद अपने फैंस के साथ शेयर की। एक्टर जॉनी डेप एक लंबे ब्रेक के बाद फिर पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। फिल्म एबेनेजर में वह एबेनेजर स्क्रूज नाम के मुख्य किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनका किरदार काफी डार्क और अकेला रहेगा। फिल्म चार्ल्स डिकेंस की क्लासिक बुक 'अ क्रिसमस कैरल' पर आधारित है। मगर फिल्म में इसका ज्यादा डार्क वर्जन प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म एबेनेजर के ट्रेलर के अनुसार डेप के किरदार एबेनेजर स्क्रूज का सामना भूतों से होता है।




# सिनेमाघरों में री-रिलीज होंगी हैरी पॉटर की सभी फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय सीरीज 'हैरी पॉटर' की फिल्मों को देखते हुए एक पूरी पीढ़ी बड़ी हुई है। इससे दर्शकों का अलग जुड़ाव है। पहली फिल्म 2001 में आई थी और इस बात को इस साल 25 वर्ष हो रहे हैं। फिल्म के सिल्वर जुबली वर्ष को खास बनाने के लिए 'हैरी पॉटर' की आठों फिल्मों को फिर से रिलीज किया जा रहा है। 'हैरी पॉटर' का जादू सिनेमाघरों में फिर लौटने वाला है। दर्शक एक बार फिर बड़े पर्दे पर इन फिल्मों का लुत्फ उठा सकेंगे। हैरी पॉटर की सभी आठ फिल्में फिर से रिलीज जो हो रही हैं। इस साल 27 अगस्त से 3 सितंबर तक ये फिल्में बड़े परदे पर आ रही हैं। 'हैरी पॉटर' के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसके मुताबिक फिल्मों को वर्ल्डवाइड री-रिलीज किया जा रहा है। इसके लिए टिकट 31 जुलाई से मिलने लगेंगे। इन फिल्मों का फिर से रिलीज किया जाना दर्शकों के लिए एक खास पल होगा और वे फिर से पुरानी यादों में लौट सकेंगे। यह फिल्म कनाडा, अमेरिका व अन्य देशों के अलावा भारत में भी रिलीज होने जा रही हैं।



# मुझे भी दो बार देनी पड़ी थी नीट परीक्षा

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले के खिलाफ जारी स्टूडेंट्स के विरोध प्रदर्शन को अब एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर का भी सपोर्ट मिला है। उन्होंने इसे लेकर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इस दौरान उन्होंने ये खुलासा भी किया कि वो खुद भी नीट पेपर लीक का दर्द झेल चुकी है और इसके चलते उन्हें दो बार परीक्षा देनी पड़ी थी। बता दें कि साल 2015 में भी नीट एग्जाम का पेपर लीक हो गया था। उस वक्त एक्ट्रेस ने इस मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम में दो बार हिस्सा लिया था। उन्होंने साफ़-साफ ये बात कही है कि इस अन्यायपूर्ण दुनिया में बराबरी लाने का एक मात्र जरिया एजुकेशन ही है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'एजुकेशन इस अन्यायपूर्ण दुनिया में बराबरी लाने वाला सबसे बड़ा जरिया है। कभी भी हमारे संस्थानों को सुधार की मांग को नकारना नहीं चाहिए. संस्थानों के सुनने, सीखने और सुधार करने से लोकतंत्र मजबूत होता है।



# बेटी राहा को रामायण दिखाने के लिए एक्साइटेड

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म में रणबीर ने राम का किरदार निभाया है। रणबीर इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं ,क्योंकि इसमें ना तो वह सिर्फ राम और पुरुषोत्तम राम का किरदार निभा रहे हैं, बल्कि एक और वजह भी है। दरअसल, यह पहली फिल्म होगी जिसे उनकी बेटी राहा कपूर देखने वाली हैं। दरअसल, एक फैन ने रणबीर से बात करते हुए कहा कि वह इस फिल्म को बच्चे को दिखाएंगे क्योंकि इसमें भारतीय कल्चर को दिखाया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर फिर बोलते हैं, मैं भी काफी एक्साइटेड हूं अपनी बेटी को फिल्म दिखाने के लिए। यह उनकी पहली फिल्म होगी बड़े पर्दे पर। वहीं, हाल ही में खबर आई है कि रामायण का ट्रेलर लॉन्च पोस्टपोन हो गया है।

## टीवी मसाला




# यादों की प्लेलिस्ट की थीम पर इंडियन आइडल 16 का ग्रैंड फिनाले कल

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर और पसंदीदा रियलिटी शो 'इंडियन आइडल सीजन 16' अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। 26 जुलाई को शो का ग्रैंड फिनाले होगा, जिसका थीम 'यादों की प्लेलिस्ट' रखा गया है। आखिरी दिन शो के 6 फाइनलिस्ट अपने परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीतेंगे और उस दिन पता चलेगा कि कौन इस सीजन का ट्रॉफी अपने नाम करेगा। कई लोग अपने फेवरेट कंटेस्टेंट के लिए वोट कर रहे है और उनके जीत की कामना कर रहे हैं। शो में विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और बादशाह जज के रूप में नजर आए और आदित्य नारायण ने हमेशा की तरह होस्टिंग की जिम्मेदारी संभाली। वहीं, इस सीजन के 6 फाइनलिस्ट में अंशिका चोंकर, ज्योतिर्मयी नायक, मनराज वीर सिंह, माइसम्मे बोसु, सुहैल सूफी और तनिष्क शुक्ला हैं। पूरे सीजन में उन्होंने अपने गानों से हर श्रोताओं को दीवाना बनाया और यहां तक अपना सफर तय किया। बता दें कि इस बार ग्रैंड फिनाले में श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ उषा उत्थुप, उदित नारायण, पापोन, कुमार सानू, शहनाज गिल और उर्मिला मातोंडकर भी खास मेहमान बनकर इस शाम को यादगार बनायेंगे और कई किस्से कहानियों से इसमें रंग भरेंगे। हालांकि विशाल ददलानी इसका इसका हिस्सा नहीं बनेंगे। फिर भी उन्होंने कंटेस्टेंट्स का हौसला बढ़ाया और कहा, 'इस सीजन को शानदार टैलेंट मिला है और मुझे खुशी है कि हमारे टॉप 6 फाइनलिस्ट अपनी मेहनत से यहां पहुंचे हैं।

## करण- तेजस्वी का अंडरवॉटर रोमांस

**नई दिल्ली।** करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक नया व्लॉग पोस्ट किया है। इस व्लॉग में करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को पानी के नीचे प्रपोज करते नजर आए। फैंस इस प्रपोजल को देख बोले कि ये दोनों एक दूसरे के लिए ही बने हैं।



करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश टीवी के सबसे क्यूट कपल माने जाते हैं। फैंस बेसब्री से इस कपल की शादी का इंतजार कर रहे हैं। अब करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक व्लॉग पोस्ट किया है। इस व्लॉग में करण कुंद्रा अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश को पानी के नीचे प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। फैंस ने दोनों के इस प्रपोजल पर खूब प्यार लुटाया है। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश छुट्टियां मनाने मॉरिशस गए थे। इसका ट्रेवल ब्लॉग करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब पर शेयर किया है। मॉरिशस में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश ने स्कूबा डाइविंग की। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश ने स्कूबा डाइविंग के दौरान पानी के नीचे की दुनिया का वीडियो अपने व्लॉग में शेयर किया। वीडियो में दिखाई पड़ता है कि तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा पहले तो हाथों से दिल बनाते हैं।

# सैयारा के बाद अहान की नई उड़ान, शारवरी भी आएंगी नजर

**नई दिल्ली।** ब्लॉकबस्टर फिल्म सैयारा की ऐतिहासिक सफलता के बाद बॉलीवुड के नए ओवरनाइट सेंसेशन अहान पांडे एक बार फिर पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। सैयारा के बाद वह अगली बड़ी फिल्म यशराज फिल्म्स के बैनर तले कर रहे हैं। अनटाइटल्ड फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं। फिल्म रोमांटिक-एक्शन ड्रामा की जिसकी रिलीज डेट लॉक कर दी गई है। फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अली अब्बास जफर ने इस अनटाइटल्ड फिल्म की थिएट्रीकल रिलीज डेट अगले साल के लिए लॉक की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की रिलीज डेट 26 मार्च 2027 की तय की है। 26 मार्च को गुड फ्राइडे है। फिल्म में अहान पांडे के साथ शारवरी वाघ के रूप में नजर आएंगी। वहीं, दिग्गज एक्टर बॉबी देओल और अनुराग कश्यप की फिल्म निशांची से तारीफें बटोरने वाले ऐश्वर्य ठाकरे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे विलेन का किरदार निभा रहे हैं, जहां अहान और उनके बीच एक जबरदस्त एक्शन फाइट सीक्वेंस देखने को मिलेगा। आपको बता दें कि यह फिल्म अहान पांडे और ऐश्वर्य ठाकरे , दोनों के कॅरियर की दूसरी फिल्म होगी। अहान ने सैयारा से जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी, जबकि शरवरी ने बंटी और बबली 2 से डेब्यू करने के बाद मुंज्या, महाराज, वेदा और अल्फा जैसी फिल्मों में अपनी पहचान बनाई।



गीता दत्त की नशीली आवाज में हुआ हमेशा - हमेशा के लिए अमर

# 72 साल पहले विदेश से चुराया गया था ये कल्ट गाना



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड पर अक्सर गाने या उनकी धुनों को कॉपी करने का आरोप लगता रहा है। आर.डी. बर्मन से लेकर अनु मलिक तक कई बड़े संगीतकारों पर विदेशी धुनों को बिना क्रेडिट दिए कॉपी करने के आरोप लगे। इसके बाद पुराने गानों के रीमेक बनाने का ट्रेंड चला। कई बार ये नए ट्रेक्स पसंद भी किए गए, हालांकि कुछ लोगों को शिकायत रही कि इससे ओरिजिनलिटी खत्म हो रही है। आज आपको 1954 के एक ऐसे ही कल्ट गाने के बारे में बताएंगे जिसे क्यूबा के एक गाने से कॉपी किया गया था। हम बात कर रहे हैं फिल्म आर पार के गाने बाबूजी धीरे चलना की। इस गाने को गीता दत्त ने अपनी आवाज से सजाया था और मजरूह सुल्तानपुरी ने इसके बोल लिखे थे। इस गाने को क्यूबा के प्रसिद्ध गाने क्यूज़स, क्यूजस, क्यूजस से कॉपी किया गया था। ओ पी नैय्यर ने इसे भारतीय संगीत में ढाला था। क्यूजस, क्यूजस, क्यू को 1947 में ओस्वाल्डो फैरेस ने कंपोज किया था। इस गाने को अभिनेत्री शकीला पर फिल्माया गया है। 'आर-पार'को गुरु दत्त ने डायरेक्ट किया था। ये एक क्लासिक रोमांटिक-कॉमेडी और क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी एक टैक्सी ड्राइवर कालू और उसकी प्रेमिका निक्की के इर्द-गिर्द घूमती है। जब ये गाना रिलीज हुआ तो इसकी लोकप्रियता इतनी थी कि हर गली-मोहल्ले में उस दौरान बस यही धुन सुनने को मिलती थी। शायद यही वजह रही कि रिलीज के बाद ये जबरदस्त हिट साबित हुआ। गीता दत्त ने अपनी नशीली आवाज में इसे हमेशा-हमेशा के लिए हिट बना दिया।

# वर्ल्ड लेवल खजाने की मालिक बनी धमाल 4 की मंडली



**नई दिल्ली।** अभिनेता अजय देवगन की लेटेस्ट फिल्म धमाल 4 की रिलीज को जल्द ही दूसरा सप्ताह पूरा हो जाएगा। इतना समय बीतने का बाद भी धमाल 4 कमाई के मामले में ना तो भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हार मान रही है और ना ही वर्ल्ड लेवल पर इसका ग्राफ नीचे आ रहा है। जिस तरह से फिल्म धमाल 4 में दिखाया गया है कि कलाकारों की पूरी मंडली एक पुराने खजाने की तलाश में लगी हुई है, ठीक उसी तरह से दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल 4 पर जो नोटों की बारिश हो रही है, उससे कहीं न कहीं मेकर्स के हाथ खजाना लगा और वे मालामाल हो रहे हैं। अजय देवगन की इस कॉमेडी मूवी ने दूसरे बुधवार को पूरी दुनिया में करीब 4 करोड़ का कारोबार किया है। इसके साथ ही अब धमाल 4 का टोटल ग्लोबली कलेक्शन 183 करोड़ हो गया है। जबकि ओवरसीज के मामले में ये हिंदी फिल्म अब तक 23 करोड़ से अधिक का बिजनेस कर चुकी है। जिस तरह से फिलहाल धमाल 4 की कमाई वर्ल्ड लेवल पर चल रही है, उससे ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि जल्द ही ये मूवी ग्लोबली 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो धमाल 4 इस साल की एक और ऐसी बॉलीवुड फिल्म बन सकती है, जो वर्ल्डवाइड 200 करोड़ के कलेक्शन के कल्ब में एंट्री लेगी। इससे पहले बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला ये कारनामा कर चुकी हैं।

## शोले से पहले मचाया था बवाल, 1974 में हुई थी रिलीज

# 65 हफ्तों तक थिएटर से नहीं उतरी थी मनोज कुमार की ये फिल्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स में शुमार मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दीं थीं। एक एक्टर के अलावा उन्होंने फैंस का दिल बतौर डायरेक्टर भी जीता था। 'भारत कुमार' के नाम से भी मशहूर हुए मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में कई फिल्में बनाई थीं। उनकी एक फिल्म तो ऐसी भी रही है जो सिनेमाघरों से 65 हफ्तों तक नहीं उतरी थी।




### पाकिस्तान में हुआ था जन्म

मनोज कुमार जीवित का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में 24 जुलाई 1937 को हुआ था। मनोज कुमार का असली नाम हरिकृष्ण गोस्वामी था। हालांकि, फिल्मी दुनिया में आने के बाद उन्होंने अपना नाम बदल लिया था। यहां मनोज कुमार की जिस फिल्म की बात की जा रही है वो जीवन की तीन सबसे अहम और मूलभूत चीजों पर बेस्ड है। इस फिल्म का नाम है 'रोटी, कपड़ा और मकान'। ये फिल्म 'शोले' जैसी आइकॉनिक फिल्म से एक साल पहले यानी साल 1974 में रिलीज हुई थी और दर्शकों के दिलों में हमेशा-हमेशा के लिए समा गई थी।

### निभाई थीं कई जिम्मेदारियां

रोटी कपड़ा और मकान में मनोज कुमार के साथ अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, मौसमी चटर्जी और जीनत अमान जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आए थे। गौरतलब है कि मनोज ने ना सिर्फ इसमें अहम किरदार निभाया था, बल्कि इसके डायरेक्शन की कमान भी संभाली थी, जबकि इसके प्रोड्यूसर भी वो ही थे और कहानी भी उन्होंने ही लिखी थी।

### थिएटर्स में चला जलवा

अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में इस 52 साल पुरानी फिल्म को लेकर दावा किया जाता रहा है कि ये फिल्म 65 हफ्तों तक थिएटर्स में अपना जादू बिखेरनेमे कामयाब रही थी और बहुत बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक़ 1.3 से 2 करोड़ रुपए के बीच के बजट में बनी 'रोटी कपड़ा और मकान' ने दुनियाभर में 10.4 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। ये साल 1974 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म भी बनी थी।